Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 156 | रविवार, 08 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सीएम योगी के निर्देश पर फर्जी

# शेल कंपनियों के खिलाफ चलेगा बड़ा अभियान ,कर चोरी पर कसेगी नकेल



लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कर संग्रह में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और कड़े प्रवर्तन की नीति अपनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कर संग्रह में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और कड़े प्रवर्तन की नीति अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने शेल कंपनियों और पंजीकृत फर्जी फर्मों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कृत्य व्यापारी बन्धुओं की सुविधाओं में सेंध लगाने का प्रयास है, जो अक्षम्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर चोरी एक राष्ट्रीय अपराध है और इससे राज्य की विकास योजनाओं तथा लोककल्याणकारी कार्यक्रमों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) उपभोक्ता आधारित कर प्रणाली है, इसलिए जहां जनसंख्या घनत्व अधिक है, वहां से अपेक्षाकृत अधिक कर प्राप्त होना स्वाभाविक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे जोन जहां कर संग्रह औसत से कम है, वहां विशेष रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सेंट्रल जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत संदिग्ध फर्मों की जानकारी केंद्र को भेजी जाए ताकि उनका पंजीकरण निरस्त हो सके। वहीं स्टेट जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत फर्मों की विभागीय स्तर पर गहन जांच कर यदि अनियमितता मिले, तो पंजीकरण निरस्त कर एफआईआर दर्ज की जाए। मुख्यमंत्री ने सभी नई पंजीकृत फर्मों के स्थलीय निरीक्षण का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा न हो कि कुछ फर्जी कंपनियां ईमानदार करदाताओं के अधिकारों को बाधित करें। इसके दृष्टिगत सभी नई पंजीकृत फर्मों का स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, जिससे वास्तविक फर्म ईमानदारी से अपना कार्य कर सकें। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,75,725 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष अप्रैल-मई माह में अब तक 18,161.59 करोड़ रुपए का जीएसटी और वैट संग्रहित किया जा चुका है, जिसकी उन्होंने सराहना करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया।

> मुख्यमंत्री ने लखनऊ (दोनों जोन), अयोध्या, बरेली, आगरा, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, झांसी और सहारनपुर सहित लगभग 14 जोन में 60% या उससे अधिक लक्ष्य पूर्ति को सराहनीय बताया। वहीं वाराणसी जोन प्रथम, प्रयागराज, कानपुर द्वितीय, इटावा, अलीगढ़ और मुरादाबाद जैसे जोन में 50% से कम संग्रह को असंतोषजनक बताते हुए तत्काल व्यापक समीक्षा का निर्देश दिया।

## सार संक्षेप

### वायु प्रदूषण बढ़ते ही दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-1 लागू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप-समिति ने लोगों से सिटीजन चार्टर भी अपनाने के लिए कहा है। वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहला चरण शनिवार से लागू हो गया है। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप-समिति ने लोगों से सिटीजन चार्टर भी अपनाने के लिए कहा है।

### आज लखनऊ के इस होटल में है रिंकू-प्रिया की रिंग सेरेमनी





लखनऊ।

लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी होगी। इसमें क्रिकेट और राजनीति के कई दिग्गज शामिल होंगे।

राजधानी लखनऊ के फाइव स्टार होटल सेंट्रम में रविवार को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी होगी। इसमें 300 से अधिक वीवीआईपी शामिल होंगे। देश और प्रदेश की कई बड़ी हस्तियों को न्योता भेजा गया है। क्रिकेट और राजनीति जगत की दोनों चर्चित हस्तियों की रिंग सेरेमनी में सपा मुखिया अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव और जया बच्चन जैसे बड़े नाम शामिल होंगे। इनको न्योता भेजा गया है। इसके अलावा सांसद इकरा हसन और कई केंद्रीय मंत्रियों के भी शामिल होने की खबर है। आज होने वाली सगाई से पहले ही रिंकू का परिवार अलीगढ़ के महुआ खेड़ा स्थित साढ़े तीन करोड़ रुपये के बंगले में आ गया है। इस बंगले को रिंकू सिंह ने खरीदा था।

## भगदड़ में मरने वाले बेटे की कब्र पकड़कर रोया पिता



नई दिल्ली।

बेंगलुरु में आरसीबी के जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 परिवारों किसी अपने को खो दिया। सरकार ने पीड़ितों के परिजनों को मिलने वाले मुआवजे की राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया है, लेकिन ये पैसा उनके दुख को कम नहीं कर सकता।


इसी भगदड़ में जान गंवाने वाले 21 साल के भौमिक लक्ष्मण के पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। भौमिक लक्ष्मण के पिता ने हसन जिले के अपने पैतृक गांव में ही बेटे की कब्र बनाई हुई है। बेटे की कब्र से लिपटे और रोते-बिलखते पिता की वीडियो सामने आई, तो देखने वालों की आंखें भी नम हो गईं। भाजपा की कर्नाटक इकाई ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया है। वीडियो में रोते-बिलखते पिता को कुछ लोग संभालते हुए दिखाई दे रहे हैं। बीटी लक्ष्मण कहते हैं कि मैंने अपने बेटे के लिए जो जमीन खरीदी थी, उसी पर उसका स्मारक बना दिया है।

## थमने का नाम नहीं ले रहा कोरोना, एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 5700 के पार

नई दिल्ली।

देश भर में कोरोना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो केवल 15 दिनों में कोविड के सक्रिय मामलों में 20 गुना वृद्धि देखने को मिली है। देश में सक्रिय कोविड मामलों की संख्या 5,755 हो गई है। वहीं, गत 24 घंटों में चार लोगों की जान गई है। पिछले 24 घंटे में 391 मामले सामने आए हैं। वहीं 760 लोग कोरोना ठीक हुए हैं। देश में कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य केरल बना हुआ है। इसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। अगर आप ट्रैवल कर रहे हैं तो आपको हर आधे घंटे में हाथों को सैनिटाइज करने की जरूरत है। खासकर कुछ खाने से पहले तो जरूर सैनिटाइज करें। इससे वायरस को रोकने में मदद मिलेगी। इसके साथ मास्क पहले ताकि संक्रमण से बचे रहें। अगर आपको ट्रैवल करना बेहद जरूरी है तो कुछ जरूरी दवाइयां अपने साथ रखें। खासकर तब, जब आप लंबे सफर पर जा रहे हों।

> 24 घंटों में चार लोगों की जान गई है



## अमेरिकी राष्ट्रपति बोले

# मस्क से संबंध सुधारने में रुचि नहीं,विरोधी को समर्थन पर अंजाम...

नई दिल्ली।



एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप का रिश्ता अब दुश्मनी में बदलता दिख रहा है। वहीं 2026 के चुनावों में मस्क का रुख क्या होगा, इस पर अब सबकी नजर है। इसी बातो मद्देनजर रखते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने मस्क को बड़ी चेतावनी भी दे दी है। जहां मस्क के डेमोक्रेट्स का समर्थन करने की अटकलों पर ट्रंप ने कहा कि अगर ऐसा किया तो मस्क को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के सबसे अमीर आदमी और टेस्ला के मालिक एलन मस्क के बीच रिश्ते अब पूरी तरह से टूट चुके हैं। फलस्वरूप अब राष्ट्रपति ट्रंप ने मस्क को एक बड़ी धमकी भी दे दी है। जहां एक न्यूज चैनल को दिए फोन इंटरव्यू में ट्रंप ने साफ कहा कि अब वे मस्क से कोई बातचीत नहीं करना चाहते और उनका रिश्ता खत्म हो चुका है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपनी पहली सरकार में मस्क को बड़ी राहतें दी थीं और उसकी जान बचाई थी, लेकिन अब उन्हें मस्क से कोई लेना-देना नहीं है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मस्क 2026 के चुनाव में डेमोक्रेट्स का समर्थन करते हैं, तो मस्क को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, हालांकि ट्रंप ने ये नहीं बताया कि गंभीर परिणाम में वो मस्क के लिए क्या-क्या हो सकते है। दरअसल, विवाद की शुरूआत तब हुई जब मस्क ने ट्रंप के संसद में लंबित टैक्स और खर्चों से जुड़े एक बिल को घिनौना और घाटा बढ़ाने वाला बताया। इसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया पर तीखी बहस हुई। मस्क ने ट्रंप को हटाने की मांग तक कर दी। इतना ही नहीं उन पर जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलें छुपाने का आरोप भी लगा दिया। हालांकि शनिवार सुबह तक मस्क ने ट्रंप और एपस्टीन से जुड़े कुछ विवादित पोस्ट डिलीट कर दिए।

> विवाद बढ़ते देख उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि मस्क को थोड़ा शांत होने की जरूरत है और उन्होंने यह भी जोड़ा कि राष्ट्रपति ट्रंप इस मुद्दे पर बहुत संयमित रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मस्क थोड़ा ठंडा हो जाए, तो सब ठीक हो सकता है। साथ ही वेंस ने मस्क की आलोचना को भावनात्मक प्रतिक्रिया बताया और उम्मीद जताई कि मस्क दोबारा ट्रंप के समर्थन में आ सकते हैं।

## ब्रेन डेड मरीज से मिला पांच लोगों को जीवनदान

**नई दिल्ली।** बंगलूरू में ब्रेन डेड मरीज के अंगदान से 5 लोगों को नई जिंदगी मिली। भारतीय वायुसेना ने एक किडनी व कॉर्निया को दिल्ली एयरलिफ्ट किया, जबकि अन्य अंग बंगलूरू में ट्रांसप्लांट हुए। सेना के डॉक्टरों व जीवनसार्थकते की मदद से यह जटिल ऑपरेशन सफल रहा। बंगलूरू में एक ब्रेन डेड मरीज के अंगदान से पांच लोगों को नई जिंदगी मिली। भारतीय वायुसेना ने इस जीवनरक्षक ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बेंगलुरु भगदड़ में कर्नाटक सरकार ने बढ़ाई मुआवजा राशि, मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 25-25 लाख रुपये

बेंगलुरु।

बेंगलुरु में आरसीबी के जश्न के दौरान मची भगदड़ में 10 लोगों की मौत हो गई थी। अब सरकार ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को मिलने वाले मुआवजे की राशि बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मुआवजे की राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया है। इसके पहले सरकार ने यह राशि 10 लाख रुपये घोषित की थी। बता दें कि आरसीबी को आईपीएल में 18 साल बाद फाइनल में जीत मिली थी। इसके उपलक्ष्य में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम रखा गया था। लेकिन कुप्रबंधन की वजह से भगदड़ मच गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, 'सिद्दरमैया ने भगदड़ में मारे गए लोगों के स्वजनों के लिए मुआवजा राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का आदेश दिया है। इससे पहले सरकार ने प्रत्येक को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की थी।' पुलिस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध शाखा और बेंगलुरु पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाकर इन अधिकारियों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने इन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



## आज भाजपा कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे: शाह

चेन्नई ।

तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकताओं के मूल-मंत्र देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार देर शाम मदुरै पहुंचे, जहां वे आज तमिलनाडु भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। पार्टी नेताओं का मानना है कि उनके दौरे से 2026 विधानसभा चुनाव की तैयारी को बल मिलेगा और कार्यकताओं में उत्साह बढ़ेगा। तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर में सियासी गर्माहट अपने चरम पर है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार देर शाम तमिलनाडु के मदुरै पहुंचे। वहां वे रविवार को होने वाले तमिलनाडु भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और राज्य, जिला और मंडल स्तर के पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। तमिलनाडु के मदुरै पहुंचते ही अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से अपनी योजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखा कि मैं कल तमिलनाडु भाजपा के ऊर्जावान कार्यकताओं से मिलने को उत्सुक हूं। हालांकि तमिलनाडु के लिए रवाना होने से पहले भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि मैं तमिलनाडु जा रहा हूं। कल मदुरै में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करूंगा और शाम को पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करूंगा। बता दें कि अमित शाह के तमिलनाडु आगमन पर भाजपा नेता तमिलिसाई सुंदरराजन और तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेन्द्रन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही सुंदरराजन ने कहा कि अमित शाह के दौरे से पार्टी कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है और इससे 2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को मजबूती मिलेगी।



## संपादक की कलम से

# जश्न में मातम


अ ओफ्फ! यह क्या हो गया? एक और भगदड़ और जमीन पर लाशों का जमावड़ा! यह तो जश्न मनाने का क्षण था। आखिर भीड़ की प्रिय रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने आईपीएल का पहला खिताब जीता था। लंबे 18 सालों का इंतजार टूटा था और असंख्य लोगों का सपना साकार हुआ था। आरसीबी के धुर प्रेमी, समर्थक, प्रशंसक अपने महानायक विराट कोहली और विजेता टीम के चेहरों के दीदार करने को आकुल थे, लेकिन जश्न के वे लम्हे देखते ही देखते मातम में तबदील हो गए। एक बार फिर भीड़ में भगदड़ मची और 11 जिंदगियां थम गईं।



ललित शर्मा
संपादक

करीब 75 लोग घायल हुए, जिनमें से 33 को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। कुछ को ओपीडी में देखकर ही इलाज कर दिया गया, लेकिन अस्पताल में कुछ की हालत गंभीर भी बताई गई है। बहरहाल एक बार फिर भीड़ बेकाबू हुई है, पुलिस और प्रशासन के अनुमान नाकाम साबित हुए, नतीजतन जश्न जानलेवा समारोह बन कर रह गया। स्टेडियम में 35–37,000 लोगों के बैठने की क्षमता है, लेकिन बताया गया है कि आठ लाख से अधिक की भीड़ स्टेडियम के बाहर, इर्द–गिर्द, जमा हो गई थी। सडकों पर जन–समुद्र का आभास हो रहा था। दरअसल भारत में अब भी भीड़ के प्रबंधन को लेकर व्यापक नासमझी है। भगदड़ में कौन कुचला गया, कौन मारा गया, वह था–आम आदमी, जिसकी जिंदगी बेहद सस्ती है। प्रयागराज महाकुंभ और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की उन भगदड़ों के भयानक दृश्य आंखों के सामने कौंधने लगे हैं। सुपर स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का प्रीमियर हैदराबाद में था। उसमें भी भगदड़ मची और मौतें हुईं। अल्लू को जेल में डाल दिया गया था। बेंगलुरु हादसे की आपराधिक जिम्मेदारी किस पर थोपी जाएगी? उप्र के हाथरस में भक्तगणों की भीड़ नारायण साकार की चरण–रज लेने को उमड़ पड़ी थी, नतीजतन 121 मौतें हो गईं। किसी विशिष्ट व्यक्ति का बाल भी बांका नहीं हुआ। जग–दिखावे को कुछ गिरफ्तारियां की गईं अथवा कमेटियां बनाई गईं और फिर नई भगदड़ की प्रतीक्षा की जाने लगी। बेंगलुरु क्रिकेट स्टेडियम के बाहर जो त्रासदी पसर गई, मेट्रो ट्रेन भी खचाखच भरी रही, दीवानगी और पागलपन के शिकार युवा पेड़ों पर चढ़े रहे और बस की छत पर सवार होकर स्टेडियम तक पहुंचे। हर जगह जिंदगी दांव पर लगी रही। बेशक आम भारतीय क्रिकेट को धर्म की तरह मानता है, लेकिन ऐसा उतावलापन, उत्तेजना और उन्मादी स्वभाव भी उचित नहीं, क्योंकि भीड़ की अंतिम परिणति भगदड़ है और भगदड़ मौत का लाइसेंस है। अब भीड़ को खुद ही अपनी जिंदगी की रक्षा पर सोचना पड़ेगा। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जिस न्यायिक जांच की घोषणा की है, उसका कोई निष्कर्ष 15 दिन में आएगा या नहीं, अतीत के उदाहरणों के मद्देनजर हम सोच सकते हैं। वैसे जिंदगी की कीमत तो 10 लाख रुपए सरकार ने तय कर ही दी है। बुनियादी सवाल तो यह है कि यह जश्न मनाने का फैसला क्यों किया गया? गनीमत है कि खुली बस में विक्ट्री परेड का आयोजन करने पर पुलिस ने असमर्थता जता दी, लिहाजा स्टेडियम में ही स्वागत–समारोह आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक आदि मौजूद थे, लिहाजा हम इस हादसे को सरकार का ही आपराधिक कृत्य मानते हैं। इस आयोजन को टाला जा सकता था। एक अदद क्रिकेट मैच कराना हो, तो संबद्ध विभागों की हरी झंडी लेने में औसतन 2–3 माह लग जाते हैं। तो फिर यह आयोजन कुछ ही घंटों में, आनन–फानन में, क्यों किया गया? जाहिर है कि सरकार को दिखावा करना था। भीड़ कोई ऊपर से तो टपकती नहीं है। बाकायदा खुफिया और प्रौद्योगिकी के जरिए जानकारी मिल जाती है कि कितनी भीड़, कहां से, आ सकती है। राज्य में पुलिस आंतरिक सुरक्षा की भी नियमित बैठकें करती रहती है, लिहाजा बेंगलुरु में भीड़ को नियंत्रित न कर पाना भी एक अपराध है। बहरहाल अब इस त्रासदी पर भी राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के इस्तीफे मांगे हैं। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख जताया है, लिहाजा मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना भी प्रकट की है। बहरहाल इस त्रासदी को आराम से टाला जा सकता था, लिहाजा भीड़–नियंत्रण पर पुलिस का प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। इस मामले में जिम्मेवारी तय करके ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट



## बाजार में आ गया राजनाथ आम!

कविता

भले खास न हो पर आम है वह
फलों का राजा सरेआम है वह
दशहरी,लंगड़ा चौसा,कही देशी
मलीहाबादी कही लंगड़ा परदेशी
चूसकर खाने का मजा निराला
शहद सा मीठा खट्टा मतवाला
कही डाल का, कही पाल का
कही पेटियों में सजता है राजा
अमीर–गरीब हर कोई खाता
बजट में आम सबके आ जाता
सौगात में आम मिलता बहुत है
परमात्मा को आम भाता बहुत है
आओ आम का लुत्फ उठाये
मौसम के प्यारे इस फल को खाएं
स्वास्थ्य के लिए उत्तम बहुत है
स्वाद में आम लजीज बहुत है
तभी तो आम फलों का है राजा
आम–आचार वर्षभर का खाजा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की जटिल पर्यावरण समस्या

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। बढ़ते तापमान, बदलते जलवायु एवं ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिये विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है, जो पर्यावरण, प्रकृति एवं पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोज्य यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन के साथ एकजुट करता है। बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की एक गंभीर एवं जटिल समस्या है, इसीलिये 2025 में इस दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर केंद्रित है।

कोरिया गणराज्य वैश्विक समारोह की मेजबानी करेगा। दशकों से प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया के हर कोने में फैल चुका है, यह हमारे पीने के पानी, हमारे खाने, हमारे शरीर, हमारे पर्यावरण में समा रहा है। इस प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या से निपटने का एक वैश्विक संकल्प निश्चित ही एक समाधान की दिशा बनेगा। हर साल 430 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग दो-तिहाई केवल एक बार उपयोग के लिए होता है और जल्दी ही फेंक दिया जाता है। 1973 से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता के लिए यह दिवस सबसे बड़ा वैश्विक अभियान बन गया है, जो आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए 150 से अधिक देशों के विशाल वैश्विक दर्शकों को शामिल करता है। गत वर्ष इस दिवस की मेजबानी करते हुए सऊदी अरब ने भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए सकारात्मक प्रयासों का जश्न मनाया और पर्यावरण के मुद्दों पर काम करने वाले निजी और परोपकारी संगठनों के लिए अधिक समर्थन और वित्त पोषण की घोषणा की। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्त्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इन वर्षों में बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। पूरी दुनिया में बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है, संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र को मृत क्षेत्रों में बदल रहा है और मानव जीवन पर तरह-तरह के खतरे पैदा कर रहा है। प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, प्रकृति, पर्यावरण, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए, इसके लिये इस वर्ष की थीम से व्यापक बदलाव की संभावनाएं हैं। माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए विभिन्न देशों की सरकारों ने ठान लिया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं।



ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक के संकट का दूर करने की कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं।

# चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी लगाते समय ना करें ये छोटी-छोटी गलतियां

मुल्तानी मिट्टी के मास्क को बहुत देर तक स्किन पर लगाकर छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। दरअसल, जब मिट्टी पूरी तरह सूख जाती है, तो वो त्वचा की सारी नमी खींच लेती है। ध्यान रखें कि जैसे ही मिट्टी हल्की सूखी दिखे, तो उसे धो लो। मास्क के लिए 10-15 मिनट काफी होते हैं। अपनी स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरह के इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करते हैं। इन्हीं में से एक है मुल्तानी मिट्टी। खासतौर से, ऑयली स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। इससे ना केवल चेहरे को ताजगी मिलती है, बल्कि एक चमक भी आती है। अक्सर अपनी स्किन को ठंडक देने और उसे पैम्पर करने के लिए हम मुल्तानी मिट्टी को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करते हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मुल्तानी मिट्टी आपकी स्किन के लिए बहुत अधिक फायदेमंद है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। अगर आप इसे गलत तरीके से अपनी स्किन पर अप्लाई करती हैं, तो ये चेहरे को निखारने के बजाय और ज्यादा रूखा-सूखा और बेजान बना सकती है।

**मास्क को बहुत देर तक लगाए रखना:** मुल्तानी मिट्टी के मास्क को बहुत देर तक स्किन पर लगाकर छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। दरअसल, जब मिट्टी पूरी तरह सूख जाती है, तो वो त्वचा की सारी नमी खींच लेती है। ध्यान रखें कि जैसे ही मिट्टी हल्की सूखी दिखे, तो उसे धो लो। मास्क के लिए 10-15 मिनट काफी होते हैं।

**बिना टेस्ट किए लगाना:** हर किसी की त्वचा अलग होती है। किसी को एलर्जी भी हो सकती है। इसलिए पहली बार में ही मुल्तानी मिट्टी को पूरे चेहरे पर लगाने से बचना चाहिए। हमेशा पहले थोड़ा सा पेस्ट हाथ या कान के पीछे लगाकर देखो। अगर आपको किसी तरह की जलन या रेडनेस का अहसास हो रहा है तो इसे अवॉयड करें।

**हर दिन मुल्तानी मिट्टी लगाना:** यह सच है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन को फायदा पहुंचाती है, लेकिन इसे हर दिन लगोन से बचना चाहिए। मुल्तानी मिट्टी रोजाना लगाने वाली चीज नहीं है, खासकर अगर त्वचा ड्राय या सेंसिटिव हो। इससे आपकी स्किन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, मास्क को हफ्ते में 1 या 2 बार ही लगाएं।

**सिर्फ मुल्तानी मिट्टी ही लगाना:** भले ही आप मुल्तानी मिट्टी का मास्क बना रही हैं, लेकिन उसमें सिर्फ पानी मिक्स करके नहीं लगाना चाहिए। यह आपकी स्किन पर थोड़ा हार्श हो सकता है। हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से कुछ इंग्रीडिएंट्स मिक्स करों। मसलन, अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप शहद, दूध या एलोवेरा मिक्स करें। ऑयली स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल, नींबू का रस, चंदन पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में खीरे का रस या दही इस्तेमाल करें।



# कोरोना वायरस (कोविड-19) जून 2025- कोरोना के आंकड़ों ने चौंकाया-एक्शन में भारत

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश अभी तक कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी को भूल नहीं पाए है, या यूं कहें कि संभल नहीं पाए हैं,इस बीच कोरोना महामारी के अनेक वेरिएंट आ चुके हैं,लेकिन अभी मई माह में जो फिर से कोरोना वायरस की आहट हुई है यह कोविड -19 तुल्य है,ऐसी जानकारी मीडिया में आ रही है हालांकि इसका प्रकोप भारत में तेजी से बढ़ता जा रहा है स्थिति चिंताजनक होती जा रही है क्योंकि संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में भी 7 जून 2025 तक करीब 6000 केस आ चुके हैं,जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गए हैं, हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस बढ़ते संक्रमण को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं, स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई थी जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं। मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है। देश की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है, बता दे जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में सभा के सभी सदस्यों की आपसी 3 वर्षों की बातचीत के उपरांतभविष्य की महामारी में मिलकर तैयारी करने का समझौता होगया है, जो रेखांकित करने वाली बात है मेरा मानना है कि अब पूरी दुनियाँ की कोई भी महामारी आ जाए तो अगर पूरा विश्व एक साथ एक दूसरे का सहयोग कर उसका मुकाबला करेगा तो वह कोविड- 19 जैसी किसी भी महामारी का गंभीरता से मुकाबला करेगा तो उस महामारी को मैदान छोड़कर भागना ही पड़ेगा, यह होता है एक और एक 11 की ताकत का सटीक कमाल! चूंकि कोरोना वायरस (कोविड-19) जून 2025- कोरोना के आंकड़ों ने चौंकाया -एक्शन में भारत शासन प्रशासन आम जनता के सहयोग की मजबूत चैन अति आवश्यक है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर मास्क सैनिटाइजर की फिर आदत फिर डालना,भीड़भाड़ वाली जगह व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए प्राथमिकता से अत्यंत ही जरूरी है। साथियों बात अगर हम कोविड -19 महामारी के भारत में पैर पसारने की करें तो, देशभर में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण के मामले तेजी बढ़ने लगे हैं, कई राज्यों में एक्टिव केस की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में नए मरीज सामने आए हैं, शनिवार सुबह तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक्टिव मामलों की संख्या 5755 पहुंच गई है,बीते 24 घंटों में 391 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है- जिनमें से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु के लोग शामिल हैं।महाराष्ट्र में कोरोना के 86 नए पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं, राज्य में इस समय कुल 595 एक्टिव केस हैं, वहीं आज 749 मरीजों ने संक्रमण से पूरी तरह उबर कर रिकवरी दर्ज की है।उत्तराखंड में आज 3 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है। राज्य में इस समय केवल 9 सक्रिय केस हैं जबकि आज 17 लोग ठीक हुए हैं, कुल मामलों की संख्या 26 है, जिनमें से 7 प्रवासी मरीज थे और सभी पूरी तरह ठीक हो चुके हैं, पश्चिम बंगाल में वर्तमान में 622 सक्रिय मामले हैं, बीते 24 घंटों में 26 नए केस सामने आए हैं जबकि 88 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे हैं, राज्य में अब तक कोरोना से कोई भी मृत्यु दर्ज नहीं की गई है। हरियाणा में इस समय कुल 102 एक्टिव कोरोना केस हैं, एक दिन पहले तक यह आंकड़ा 87 था, यानी संक्रमण में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, सबसे अधिक मामले गुरुग्राम जिले से सामने आए हैं। गुजरात में कोरोना के 183 नए केस सामने आए हैं, जिससे राज्य में एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 822 हो गई है, इनमें से 793 मरीज होम आइसोलेशन में हैं जबकि 29 का इलाज अस्पतालों में चल रहा है, राहत की बात है कि आज 78 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। कर्नाटक में शनिवार को कोविड से दो और मौतें दर्ज की गईं, जिससे राज्य में इस वर्ष कुल मृतकों की संख्या नौ हो गई है, स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बेंगलुरु के बल्लारी के 46 वर्षीय और बेलगावी के 78 वर्षीय व्यक्ति, जिन्हें गंभीर श्वसन संक्रमण के कारण भर्ती किया गया था, 5 जून को निधन हो गया,दोनों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी,शनिवार को राज्य में 57 नए मामले सामने आए, जिससे वर्ष 2025 में अब तक कुल संक्रमितों की संख्या 894 हो गई है। हालांकि भारत में अभी मामलों की संख्या 6000 है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो ट्रेंड दिख रहा है, वह चिंताजनक है। अगर सही समय पर कदम नहीं उठाए गए, तो भारत भी इस नई लहर की चपेट में आ सकता है, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में टीकाकरण का प्रभाव अब कम होने लगा है,बूस्टर डोज की जरूरत एक बार फिर बढ़ गई है,लेकिन लोग इसमें ढिलाई बरत रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है बच्चों बुजुर्गों, 65 साल से ऊपर के लोगों, और जिनकी इम्युनिटी पहले से कमजोर है, उन्हें यह संक्रमण तेजी से पकड़ सकता है,साथ ही मौसमी बदलाव, सामाजिक मेलजोल और अंतरराष्ट्रीय यात्रा भी इसके प्रसार को बढ़ावा दे रहे हैं अभी हुई बैठक में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, इमरजेंसी मेडिकल रिलीफ डिवीजन, डिजास्टर मैनेजमेंट सेल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ मौजूद थे आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह निष्कर्ष निकाला गया न कि भारत में कोविड-19 स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। सूत्र ने बताया, देश की बड़ी आबादी को देखते हुए 6000 आंकड़े को हल्के में नहीं रहना चाहिए। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बढ़ते मामलों को देखते हुए व्यापक तैयारी की जाए।



गोंदिया

# पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-डीआईजी अभिषेक सिंह के दिशा निर्देश पर जनपद भर में रही, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर(राजीव चौधरी)**। ईद-उल-अजहा पर्व जनपद सहारनपुर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धूमधाम व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न अम्बाला रोड बडी ईदगाह पर पंहुचे जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी रोहित सिंह सजवान एवम एसपी सिटी व्योम बिंदल द्वारा लिया गया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा नमाज अदा कर वापस लोट रहे मुस्लिम भाईयों को दी ईद की मुबारकबाद, इस मौके पर थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएनसिंह भी पुलिस बल के साथ रहे मौजूद देहात क्षेत्र में भी भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज सम्पन्न, एसपी देहात सागर जैन द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए मुस्लिम भाईयों को दी ईद मुबारकबाद थाना चिलकाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी, थाना देहात कोतवाली प्रभारी कपिल देव, थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएनसिंह, थाना मण्डी प्रभारी बीनू सिंह एवम थाना गागलहेडी प्रभारी विनोद कुमार भी भारी पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्र का करते रहे भ्रमण थाना बेहट प्रभारी सुबे सिंह, थाना सरसावा प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा, थाना फतेहपुर प्रभारी सचिन पूनिया, थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा, थाना गंगौह प्रभारी पीयूष दीक्षित, थाना नानौता प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार एवम थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी सतेन्द्र नागर अपने अपने क्षेत्र में लेते रहे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा देश? भर में मनाए जाने वाला ईद-उल-अजहा का यह महान पर्व आज जनपद सहारनपुर में भी ईद की नमाज के बाद धूमधाम से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते मनाया गया।इस मौके पर मुस्लिम भाईयों के साथ साथ हिन्दू भाईयों ने भी एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।और यही नहीं इस मौके पर जिला प्रशासन की और से सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम रहे, चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवानो की तैनाती रही, संदिग्धों पर रही पुलिस के जवानों की नजर।इस मौके पर थाना चिलकाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी, थाना देहात कोतवाली प्रभारी कपिल देव, थाना कुतुबशेर प्रभारी हदय नारायण सिंह, कोतवाली नगर प्रभारी सुनील नागर, थाना मण्डी प्रभारी बीनू सिंह, थाना जनकपुरी प्रभारी संजीव कुमार, थाना सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी, थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी सतेन्द्र नागर, थाना बेहट प्रभारी सुबे सिंह, थाना फतेहपुर प्रभारी सचिन पूनिया, थाना बिहारीगढ़ प्रभारी जावेद खान, थाना मिजापुर प्रभारी अजय कुमार, थाना नानौता प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, थाना गंगौह प्रभारी पीयूष दीक्षित, थाना नकुड प्रभारी अविनाश गौतम, थाना सरसावा प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा, थाना तीतरों प्रभारी सुरेन्द्र कुमार, थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा आदि रहे।



# उस्मान बबलू ने अपने पैतृक गांव ग्राम पंचायत जुठिया की ईदगाह में सभी गांव वासियों के साथ ईदगाह में ईद की नमाज अदा की

**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने अपने पैतृक गांव ग्राम पंचायत जुठिया की ईदगाह में सभी गांव वासियों के साथ ईदगाह में ईद की नमाज अदा की सभी ग्राम पंचायत वासियों से ईद की गले मिलकर मुबारकबाद दी क्योंकि ईद उल अजहा ईद उल फितर एक ऐसे त्यौहार है जो दिलों को मिलते हैं राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई का हर त्यौहार मोहब्बत का पैगाम लेकर आता है जिसे हम सब समाज के लोगों को जिम्मेदारी के साथ निभाना है ईदगाह के इमाम हाफिज इस्लाम साहब को गले मिलकर ईद की दिल्ली मुबारकबाद दी और सभी ग्राम वासियों को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी जी और उनके परिवार की तरफ से और संगठन की तरफ से ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी इस मौके पर ग्राम डॉ जाकिर हुसैन छात्र संघ के अध्यक्ष नावेद अली पाशा मोहम्मद ओवैस रिजवान कुरैशी राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष शमीम अहमद मोहम्मद अयान मोहम्मद फरहान आदि लोग मौजूद रहे।



# थाना गंजः- सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए 04 नफर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार



**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

रामपुर थाना गंज, रामपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सट्टे की खाईबाडी करते समय चार नफर अभियुक्तगण 1.रफीक उर्फ भय्या काले पुत्र अली हसन निवासी नई बस्ती नानाकार थाना गंज जिला रामपुर 2. बुन्दू पुत्र भूरा निवासी सैजनी नानकार थाना गंज जिला रामपुर, 3. आकिल पुत्र वाजिद नासी बजोडी टोला थाना गंज जिला रामपुर 4. शहजान पुत्र इल्यास नि0 सैजनी नानकार थाना गंज जिला रामपुर को नकदी कुल 2735 रुपए 02 बॉल पैन काले, एक बाल पेन नीला, एक बाल पेन लाल, तीन सटटा पर्ची लिखित के साथ ग्राम नानकार नई बस्ती से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गंज पर मु0अ0सं0 118/2025 धारा ३ सार्वजिनक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# सीएचसी हल्दौर में महिला आयोग सदस्य का औचक निरीक्षण, डॉक्टर हुआ आग बबूला

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर में महिला राज्य आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई खामियां और अनियमितताएं पाई गईं। वहां पर तैनात चिकित्सा प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार इतने नाराज हो गए कि सरकार और सत्ताधारी पार्टी पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसके बाद सीएचसी प्रभारी का अफजलगढ़ स्थानांतरण कर दिया गया।

राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल ने बताया कि हल्दौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को लेकर उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए। शिकायतों की पुष्टि के लिए उन्होंने बिना पूर्व सूचना निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संगीता अग्रवाल को कई खामियां नजर आई अस्पताल में गंदगी भी दिखाई दी। जिसमें उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उनका आरोप है कि निरीक्षण के दौरान डॉ. जितेंद्र ने खामियों को छिपाने का प्रयास किया और बातचीत के दौरान भाजपा नेताओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। वायरल वीडियो में डॉ. जितेंद्र कुमार यह कहते सुने जा सकते हैं कि भाजपा के लोग कहीं भी चले आते हैं और धमकाते हैं।

इस बयान के सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। आयोग सदस्य संगीता अग्रवाल ने इसकी जानकारी सीएमओ को दी, जिसके बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए डॉ. जितेंद्र कुमार का तबादला अफजलगढ़ कर दिया। वहीं, डॉ. जितेंद्र कुमार का कहना है कि महिला आयोग सदस्य बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचीं और उनका यह निरीक्षण एकतरफा था। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में पौधारोपण




**वेलकम इंडिया**

**ऊंचागांव** : विकासखंड क्षेत्र के अमरगढ़ में स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रष्पतिवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कॉलेज में फलदार और छायादार पौधे लगाए। उन्होंने कॉलेज के समस्त छात्र छात्राओं से अपने घरों के आस पास छायादार वृक्ष लगाने का आग्रह किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। यह कार्यक्रम भविष्य को हरा भरा और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कॉलेज सभी छात्र छात्राओं को को विश्व पर्यावरण के अवसर पर बधाई दी। साथ ही उनसे पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागेदारी की अपील की।

# रामपुर जामा मस्जिद देखने पहुंचीं लक्समबर्ग, एस्टोनिया और चेक गणराज्य की राजदूत। साथ में पूर्व मंत्री नवेद मियां

**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**



**रामपुर**। तीन देशों लक्समबर्ग, एस्टोनिया और चेक गणराज्य की राजदूत एक साथ रामपुर पहुंचीं। तीनों राजनयिक महिला हैं। राजनयिकों ने ऐतिहासिक धरोहरें देखीं।

पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के आमंत्रण पर भारत में लक्समबर्ग की राजदूत पैगी फ्रांत्जेन, चेक गणराज्य की राजदूत एलिस्का ज़िगोवा और रिपब्लिक ऑफ एस्टोनिया की राजदूत मार्जे लूप का शनिवार को नूर महल पहुंचने पर फूल मलाएं पहनाकर स्वागत किया गया। ईद के मौके पर रामपुर आईं राजदूतों ने नवेद मियां, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां और शाही परिवार के अन्य सदस्यों को मुबारकबाद पेश की। साथ ही सिंवइयों समेत शाही दस्तरख्वान के सभी पारम्परिक पकवानों का स्वाद लिया। तीनों देशों की राजनयिकों ने गांधी समाधी के दर्शन किए। उन्होंने महात्मा गांधी की समाधी पर पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी समाधी का इतिहास जानकर हैरानी भी जताई। इसके अलावा उन्होंने रामपुर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद देखी। राजनयिकों ने जामा मस्जिद की भव्यता को सराहा। उन्होंने खासबाग पैलेस समेत कई अन्य धरोहरें भी देखीं। राजनयिकों ने रामपुर आने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस शहर में मौजूद धरोहरें बेमिसाल हैं। रामपुर को टूरिज्म मैप पर लाया जाना चाहिए। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि तीनों राजदूत रविवार को रजा लाइब्रेरी का दौरा करेंगी।

# दरोगा जी को युवक को थप्पड़ मारना पड़ा महंगा

**बुलंदशहर** । स्याना में एक कन्फेक्शनरी दुकानदार को थप्पड़ मारने के मामले में दरोगा देवेंद्र शुक्ला को लाइन हाजिर कर दिया गया है स्याना कोतवाली क्षेत्र में दुकान बंद करने को लेकर विवाद हुआ था। दरोगा देवेंद्र शुक्ला ने दुकानदार को कई थप्पड़ मार दिए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद एसएसपी ने मामले को संज्ञान में लिया। स्याना कोतवाली क्षेत्र में तैनात इस दरोगा की यह कार्रवाई पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली थी वही इस हादसे में एक नया मोड़ भी सामने आया है अब सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रही है पुलिस की दुकान में शराब की खाली बोतल एक जगह एक खट्टी पड़ी है पुलिस पूछ रही है कि तुम्हारे पास शराब पिलाने का कैंटीन का कोई लाइसेंस है हालांकी वेलकम इंडिया न्यूज वीडियो की पुष्टि नहीं करता है इन सभी के बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने कठिन कार्रवाई की है उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया इस संबंध में एसपी सिटी शंकर प्रसाद सिंह न बताया कि स्याना एक युवक को उप निरीक्षक द्वारा थप्पड़ मारने की घटना सामने आई है जिसकी मौके पर जांच की गई और उप निरीक्षक को तत्काल रूप से लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# अग्रवाल समाज की नवनिर्वाचित टीम का शपथ ग्रहण 8 जून को

**वेलकम इंडिया**

अग्रवाल समाज, प्रयागराज (पंजी.) द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण दिनांक 8 जून 2025, रविवार को सायं 6:30 बजे से रॉयल गार्डन (पाल्म रिसॉर्ट), कटरा (लक्ष्मी टॉकीज के सामने), प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा।

इस विशेष अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार अग्रवाल जी (सेवानिवृत्त झ सर्वोच्च न्यायालय) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। श्री पीयूष रंजन अग्रवाल जी (अध्यक्ष झ अग्रवाल जाति शिक्षा परिषद) विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामकृष्ण अग्रवाल जी (चार्टर्ड एकाउंटेंट) द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण समारोह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, अग्रवाल समाज की नई समितियों की घोषणा, अग्रवाल महिला एवं युवा मंडल का गठन आदि आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल जी (संस्थापक एवं आजीवन सदस्य, अग्रवाल समाज) को भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्राप्त सम्मान हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उच्च न्यायालय में नव-नियुक्त अपर महाधिवक्ता श्री राहुल अग्रवाल एडवोकेट एवं प्रयागराज नगर निगम की वरिष्ठ पार्षद श्रीमती सोनिका अग्रवाल (कटरा) को भी समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष श्री पीयूष रंजन अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री मनीष गोयल, महामंत्री श्री अभिषेक मित्तल, सह कोषाध्यक्ष श्री मुकेश अग्रवाल के साथ महानगर के प्रबुद्ध अग्रजन उपस्थित रहेंगे। सभी समाजबंधुओं एवं नागरिकों से अनुरोध है कि इस गरिमामयी अवसर पर सपरिवार पधार कर आयोजन की शोभा बढ़ाएं।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कैरियर काउंसलर का महत्व



डॉ. उदिता राजपूत
असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग
गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय
चान्दपुर-स्याऊ, बिजनौर

कैरियर काउंसलिंग यूं तो हमेशा से ही विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद सिद्ध हुई है परन्तु अब आधुनिक समय में यह और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली में एक ऐतिहासिक बदलाव है, जिसका उद्देश्य समावेशी, लचीली, बहुआयामी और कौशल-आधारित शिक्षा प्रदान करना है। इस नीति में छात्रों के समग्र विकास, रुचि आधारित शिक्षा और रोजगार के अवसरों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। ऐसे परिदृश्य में कैरियर काउंसलर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य एक ऐसे शिक्षित और सशक्त युवा वर्ग का निर्माण करना है जो ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण हो। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में कैरियर काउंसलर एक पुल की भूमिका निभाते हैं, जो शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं के बीच संबंध स्थापित करते हैं। एनईपी 2020 में बहुविषयक पढ़ाई को बढ़ावा दिया गया है।कैरियर काउंसलर छात्रों को उनकी रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप विषय चुनने में मदद करते हैं।एनईपी के तहत अब छात्र विज्ञान, वाणिज्य और कला जैसे पारंपरिक विभाजनों से मुक्त होकर विभिन्न विषयों का संयोजन कर सकते हैं। एनईपी 2020 में कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा को स्कूल स्तर से ही लागू करने की बात कही गई है। कैरियर काउंसलर छात्रों को इस दिशा में प्रेरित कर सकते हैं कि वे अपनी रुचि के अनुसार कौशल का विकास करें।काउंसलर विभिन्न करियर विकल्पों, कोर्सेस और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी देकर छात्रों को सजग निर्णय लेने में मदद करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में क्रिटिकल थिंकिंग, डिजिटल साक्षरता, समस्या समाधान और संचार कौशल पर बल दिया गया है।काउंसलर इन कौशलों के महत्व को समझाते हुए छात्रों को आवश्यक संसाधनों और प्रशिक्षण से जोड़ सकते हैं।ग्रामीण या वंचित वर्गों के छात्रों को समान अवसर दिलाने के लिए काउंसलर उनकी पृष्ठभूमि को समझकर यथासंभव सहायता करते हैं।कितनी बार छात्र जानकारी के अभाव में या सामाजिक दबाव के कारण गलत कैरियर चुन लेते हैं। काउंसलर समय रहते सही जानकारी देकर उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकते हैं।कई बार माता-पिता की अपेक्षाएं और छात्रों की रुचि में विरोध होता है। काउंसलर दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने का कार्य भी करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि छात्र अपनी क्षमताओं को पहचानें और उनका सर्वोत्तम उपयोग करें। इसमें कैरियर काउंसलर्स एक सहायक, मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभाते हैं। सरकार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सर्व प्रथम इस बिंदू पर ध्यान केन्द्रित करना होगा क्योंकि मात्र पच्चीस से तीस प्रतिशत विद्यार्थी ही स्वंय अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ पाते हैं। विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के और निर्धन विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलर की व्यवस्था पर सरकार को आवश्यक कदम उठाने चाहिए। यदि प्रत्येक विद्यालय और संस्थान में प्रशिक्षित काउंसलर्स की नियुक्ति की जाए, तो एनईपी 2020 के उद्देश्यों की पूर्ति सुगमता से संभव हो सकेगी।

# लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद, दिन दहाड़े काटे प्रतिबंधित हरे भरे पेड़

**वेलकमू इंडिया**

**बुलंदशहर** : भले ही उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण के बड़े बड़े अभियान चला रही हो, वहीं दूसरी ओर थाना खानपुर क्षेत्र के गांव थोना में लकड़ी माफियाओं के हौसले चौंका देने वाले हैं। वन विभाग की मिलीभगत से लकड़ी माफियाओं ने बेखौफ होकर तून के आधा दर्जन प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है। थोना में शुक्रवार को लकड़ी माफियाओं ने दर प्रतिबंधित पेड़ो को दिन दहाड़े काट डाला। केवल इतना ही नहीं पेड़ो को जड़ से उखाड़ कर मिटा दिया गया। ताकि किसी को भनक तक न लगे। लकड़ी माफिया बेखौफ होकर प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ो को काटकर अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में लाद कर ले गए। अफसोस की बात यह है कि वन विभाग को इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, तो कारवाई कब होगी? इस मामले ने पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय निवासियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब अधिकारियों की नाक के नीचे ये सब हो रहा है, तब पर्यावरण की सुरक्षा और वृक्षारोपण अभियान के सच्चे उद्देश्य को हासिल करना मुश्किल है।

# ईद-उल-अजहा :अल्लाह की इबादत में उठे सैकड़ों हाथ ,अकीदत के साथ ईदगाहों में अदा हुई नमाज

**वेलकम इंडिया**

**आगराः**-देशभर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया,शाह नगर नाई की सराय ईदगाह में भी सुबह की नमाज के साथ इस पाक दिन की शुरूआत हुई ।सुबह करीब 7 बजे हजारों की संख्या में लोग ईदगाह परिसर में जमा हुए और एक साथ ईद की विशेष नमाज अदा की ।नमाज में सभी ने देश की अमन ,चैन,शांति के लिए दुआ की ।नमाज के बाद सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।




इस अवसर पर शाह नगर नूरानी मस्जिद के इमाम मौलाना शमशाद आलम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईद-उल-अजहा केवल कुबार्नी का दिन नहीं है, बल्कि यह खुदा के प्रति तस्लीम (आत्मसमर्पण) और फरमाबरदारी (आज्ञापालन) का प्रतीक है। उन्होंने अपील की कि कुबार्नी सिर्फ अधिकृत और निर्धारित स्थानों पर ही की जाए, इमाम ने यह भी कहा कि गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर जानवरों की कुबार्नी से परहेज करें और पड़ोसियों की भावनाओं का सम्मान करें ।सोशल मीडिया पर कुबार्नी की तस्वीरें डालने से भी बचना चाहिए क्योंकि यह इबादत को विवाद या नफरत का कारण बना सकता है। आगरा पुलिस ने त्योहार के मद्देनजर जिले में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए हैं ।बीती रात से ही प्रमुख इलाकों में चेकिंग अभियान जारी रहा। मस्जिदों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और त्योहार को शांतिपूर्ण बनाने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है ।इसी को लेकर शाह नगर नाई की सराय ईदगाह में थाना खंदौली पुलिस मौके पर मौजूद रही ।खंदौली पुलिस की सुरक्षा में सकुशल ईद की नमाज संपन्न हुई ।कुबार्नी का त्योहार ईद उल अजहा आज शनिवार को मनाया जा रहा है।टेडी बगिया स्थित इस्लाम नगर ईदगाह पर मुस्लिम समाज ने सुबह ईद उल अजहा की नमाज अदा कर देश और प्रदेश में अमन चैन की दुआ मांगी। ईद उल अजहा पर्व पर इस्लाम नगर में उत्साह देखा गया।इस्लाम नगर सहित पूरे शहर में बकरीद के पर्व पर मुस्लिम समाज बड़े धूमधाम से एक दूसरे को बधाई देते नजर आ रहे हैं।

इसी तरह आज मुस्लिमजनों ने शहर की अन्य मस्जिदों में पहुंच कर नमाज अदा की ।नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना ट्रांस यमुना पुलिस ईदगाह के चारों तरफ मुस्तैद रही ।ट्रांस यमुना पुलिस की निगरानी में सकुशल संपन्न हुई ईद उल अजहा की नमाज ।सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।

## शांतिपूर्ण मना ईद का त्यौहार, थाना नरसेना व बुगरासी चौकी पुलिस प्रशासन की रही चप्पे चप्पे पर नजर

**वेलकम इंक्डिया**



**नरसेना :** थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में शनिवार को ईद उल अजहा के अवसर पर मस्जिदों में शांति पूर्ण नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने नमाज अदा करते हुए देश में अमन और शांति के लिए दुआ मांगी। व एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।इस दौरान नरसेना थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह व बुगरासी चौकी प्रभारी सोबरन सिंह की देखरेख में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर चाक चौबंद रहे। थाना क्षेत्र में शनिवार को ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर लोग सुबह से ही तैयारियों में जुट गए। हजारों से अधिक संख्या में ईद की नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही अलग अलग मस्जिदों में एकत्रित हुए। इसके बाद करीब 7 : 00 बजे नमाज अदा करते हुए सभी ने देश में अमन शांति बने रहने के लिए दुआ मांगी।इस दौरान तेज धूप की तपिश में भी नमाजियों का जज्बा देखने लायक था। जो ईश्वर के प्रति आस्था दिखाते हुए आसमान चमक रही तेज धूप को भी इनके कदम टस से मस नहीं कर सके।नमाज अदा होने के बाद सभी एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के त्यौहार को लेकर मस्जिदों के आसपास और गांवों में किसी भी प्रकार की अनहोनी या विवाद न हो उसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से नरसेना थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह व बुगरासी चौकी प्रभारी सोबरन सिंह सहित भारी पुलिस बल के साथ सुबह 5:00 बजे से मस्जिदों के इर्द गिर्द और गांवों में चाक चौबंद रहे। इसकी वजह से क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बना रहा। इस दौरान नरसेना थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह व बुगरासी चौकी प्रभारी सोबरन सिंह ने बताया कि ईद त्यौहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर एक मस्जिद के पास बड़ी संख्या में भारी पुलिस बल तैनात करने के साथ साथ वह स्वयं भी क्षेत्र के सभी मस्जिदों और गांवों में लगातार भ्रमण कर नजर रखे रहे,क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

## ठाकुर श्री चतुर्भुज भगवान का ग्रीष्म ऋतु महोत्सव प्रारंभ



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/छाता।** ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी से पंच दिवसीय ग्रीष्म ऋतु महोत्सव के प्रथम दिवस पर गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया श्री ठाकुर श्री चतुर्भुज महाराज को शीतलता प्रदान करने के लिए शीतल पेय, मिट्टी के पात्र में खश गुलाब केशरी ठंडाई के भोग अर्पित किए गए और ग्रीष्म ऋतु की सुंदर श्रृंगार वस्त्र सुगंधित इत्र सेवा ठाकुर को समर्पित की गई, भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

## अमन चैन की दुआओं के साथ ही ईद उल अजहा की नमाज, गले मिलकर दीं शुभकामनाएं

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** धार्मिक नगरी गोवर्धन में ईद उल अजहा (बकरीद ) पर अमन चैन की दुआओं के साथ मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा की। इस दौरान राजनीतिक व सामाजिक लोगों ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर शुभकामनाएं दी। शनिवार सुबह बरसाना रोड स्थित शाही ईदगाह पर मुस्लिम भाइयों ने बकरीद की नमाज अदा की। मौलाना मोहम्मद रियाज अहमद कादरी की अगुवाई में नमाज अदा हुई ।मुस्लिम भाइयों ने देश में अमन चैन की दुआ के साथ नमाज अदा की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, सभासद सुरेंद्र गुप्ता बिरजो, पवन सैनी, माधव शर्मा, रिंकू सिंह , भगवत बघेल, पूर्व उप चेयरमैन मोहम्मद उमर फारूकी, अनवर हुसैन एडवोकेट, रशीद खान, नबाब कुरैशी, अफसर कुरैशी, उस्मान भाई आलू वाले, मोनू चूड़ी वाले, नब्बू कुरैशी, राजू अंजना, इकराम खान, इंजीनियर शाहिद फारूकी, फाजिल,मुन्ना अली सहित सामाजिक ब राजनैतिक लोगों ने नमाजियों से गले मिलकर बकरीद की नमाज अदा की। इस अवसर पर सुरक्षा के लिए एस पी ट्रैफिक, अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र यादव , थाना प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी आदि उपस्थित रहे।



## ब्रज 84 कोस का मुद्दा 25 साल पुराना

**वेलकम इंडिया**

- ज्यादातर रही भाजपा सरकारें फिर भी कब्जा मुक्त नहीं हुई परिक्रमा
- सांसद की बात पर गौर हो तो हो जाएगा बहुत बड़ा काम

**मथुरा।** ब्रज 84 कोस परिक्रमा को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का मामला नया नहीं है।परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण और यात्री सुविधाओं के विकास के मद्दे विधानसभा में भी गूंजते रहे हैं।10 मई 2000 को तत्कालीन विधायक स्व. अजय कुमार पोइया की ओर से दिलीप कुमार यादव की याचिका विधानसभा में सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करने को दायर की गई। विधानसभा की डिजिटल कार्यवाही में यह अभी भी अंकित है।जिला गंगा समिति सदस्य श्री यादव ने बताया कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद को इस और ध्यान देना चाहिए। तत्कालीन समय में विधानसभा में मुद्दा उठाने के बाद थोड़ा बहुत काम ब्रज 84 कोस परिक्रमा को लेकर हुआ लेकिन बाद में फिर बात आई गई हो गई। उन्होंने कहा कि ब्रज तीर्थ विकास परिषद को तीर्थ स्थलों को जाने वाले मार्गों के किनारे स्थित पुरानी धर्मशाला, प्याऊ एवं बगीचियों का संरक्षण सबसे पहले करना चाहिए। यह वह स्थान है जहां श्रद्धालु रुक कर खाना बनाने, खाने, विश्राम और स्नान आदि करने में इनका उपयोग करते हैं। इन स्थानों पर यात्री सुविधाओं का विकास होना चाहिए। रोड किनारे की सुरक्षित और सरकारी जमीनों पर यात्री सुविधाओं का विकास होना चाहिए।जिन श्रद्धालुओं की वजह से यहां के व्यापारी -कारोबारी को रोजगार मिलता है उन्हें जरूरी सहूलियत देने की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।सांसद हेमा मालिनी ने ब्रज 84 कोस के पुनरुद्धार का संकल्प लिया है।संभवतः सरकार उनकी बात पर गौर करेगी। 25 साल में कुछ हुआ या नहीं शायद अब हो जाए।

## गंगा दशहरा पर गजेंद्रमुखी माधव गौशाला का धूमधाम से हुआ शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**

**गोवर्धन।** जनपद मथुरा में गंगा दशहरा पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में गंगा अवतरण दिवस ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को गोपाल की आराध्या भगवती गौ की आराधना हेतु श्री गजेन्द्र मुखी गिरिराज सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री गजेन्द्रमुखी माधव गोशाला का शुभारंभ लौठेशवर मन्दिर के सामने धूमधाम से किया गया। हवन-यज्ञ के साथ गौपूजन और संत, महंत, महापुरुषों के आशीर्वचन एवं विद्वान ब्राह्मणों, वटुक विद्यार्थियों के वैदिक ऋचाओं के पाठ सहित श्रीगजेन्द्रमुखी माधव गोशाला का शुभारंभ पर पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। सभी आगुंतक भक्तों को दिव्य प्रसाद ग्रहण करया गया। श्री गजेन्द्रमुखी माधव गोशाला के शुभारंभ के अवसर पर गुरुदेव डा. गीता मनीषी



अशोक विश्वामित्र, श्री गजेन्द्र मुखी पीठाधीश्वर भागवत किंकर आचार्य मनीष पूर्णानन्द जी महाराज, गौसेवक वँशी कृष्णम जी महाराज, गौशाला निर्माण सेवक डा. अजय कुमार, धर्मपत्नी ममता गौर लखनऊ, सुरेश अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल बरेली, आशीष जी नोएडा, अनिल जयसवाल ओमप्रकाश गुप्ता, मनोरमा यादव लखनऊ, अनिल जयपुर, रमल ज्योतिष विशेषज्ञ कैलाश चन्द्र मिश्रा, अशोक गुप्ता नोएडा, नीता शर्मा, रजनी मदनलाल शर्मा नोएडा, डा. हरेंद्र गुप्ता, मुकेश गुप्ता आगरा, गौरव सहसवान, नारायण पाठक, दाऊदयाल पाठक, व्यापार मंडल के अध्यक्ष गणेश पहलवान, ठाकुर फतेह सिंह, सियाराम शर्मा, गौतम खंडेलवाल सहित सैकड़ों गौ भक्त उपस्थित रहे।

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हापुड़ में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण सम्पन्न



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/जनपद हापुड़ में ईद उल अजहा की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शान्ति सौहार्दपूर्ण सम्पन्न हुईं और एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। आपको बता दें कि जनपद की जनता जनार्दन को अपराध मुक्त, भय मुक्त सुशासन युक्त माहौल प्रदान करने का नाम है एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह। जिनके दिशा निर्देशन में ईद-उल-अजहा त्योहार के दृष्टिगत समस्त क्षेत्राधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाली मस्जिदों और ईदगाहों पर पैनी नजर के साथ उपस्थित रहकर आमजन को सुरक्षा का अहसास कराते हुए ईद उल अजहा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।सभी ईदगाहों एवं मस्जिदों पर पुलिस प्रशासन की देख रेख में नमाज शान्ति सुरक्षा व्यवस्था सौहार्दपूर्ण भाईचारे की सभ्यता के साथ सम्पन्न हुई। जिला प्रशासन के द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चहुंओर और सराहना हो रही है।

## प्रतिष्ठित व्यापारी व पूर्व चेयरमैन के पिता का हुआ निधन

**वेलकम इंडिया**



**संत कबीर नगर।** नगरपंचायत मगहर के मुहल्ला शेरपुर निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी व पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी के पिता अब्दुल जब्बार उम्र92वर्ष का शुक्रवार/शनिवार की रात में निधन होगया ।वे पिछले 15दिनों से गम्भीर बीमारी से जूझ रहे थे ।उनके निधन की खबर सुनते ही पूरा नगर स्तब्ध रहगया ।साथ ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया ।नगर व क्षेत्र के लोगों ने उनके शरपुर मुहल्ले में स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।उन्हें शिविर की शाम सेमरा बाईपास स्थित उनके आबाई कब्रिस्तान में नमाज-ए-जनाजे के बाद सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया ।चेयरमैन प्रतिनिधि/पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी ने बताया कि उनके वालिद को डायबाटीज की बीमारी लगभग पच्चीस साल से थी ।।फिर भी उनका स्वास्थ ठीक चल रहा था ।अचानक बीते फरवरी महीने में तबियत खराब हुई उसके बाद से उनका इलाज बस्ती में निजी चिकित्सक द्वारा चल रहा था ।शुक्रवार की मध्यरात्रि में उन्होंने अंतिम सांस ली ।उनके आकस्मिक निधन पर खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुये समाजवादी नेता सुबोध यादव ने कहा कि नगर ने एक नेक दिल इंसान के साथ ही एक सच्चे समाज सेवक को खो दिया है ।वह बहुत ही मृदुभाषी व मिलनसार ब्यक्तित्व के मालिक थे।

## विद्युत अवर अभियंता ने भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध कराया मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/भारतीय किसान यूनियन टिकैत का सिंभावली ऊर्जा निगम कार्यलय पर छठे दिन भी अनिश्चित कालीन धरना रहा जारी ।आपको बता दें कि भ्रष्टाचार में लिप्त जेई लाइनमैन को हटाने की मांग को लेकर किसानों का बिजली दफ्तर पर छठे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता चौधरी ओमकरण ने की और संचालन प्रदीप चौधरी ने किया। भाकियू टिकैत की टीम एवं किसान और मजदूरों के साथ हो रहे। भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर किसानों ने बिजलीघर दफ्तर पर जमकर नारेबाजी करते हुए



ऊर्जा निगम के एससी से वार्ता करने की जिद पर अड़े हुए हैं ।जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा की विधुत विभाग के अवर अभियंता और भ्रष्टाचार में लिप्त लाईन मेन को जब तक सिंभावली बिजली दफ्तर से हटाया नही जाएगा।तब तक किसानों का अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा।वहीं वार्ता करने के लिए कोई नहीं आया।और इसके साथ ही उल्टा किसानों पर ही एफआईआर कराई जा रही है।हालांकि किसानों के लिए एफआईआर होना और जेल जाना कोई बड़ी बात नही है।यह सब तो हमेशा से ही चलता आ रहा है। सिंभावली विद्युत अवर अभियंता रामबली मौर्य के द्वारा जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा, जिला प्रवक्ता और खुशनुद अली सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली क्षेत्रीय अध्यक्ष नौशाद अल्वी,और एक अन्य सहित आधा दर्जन कार्यकताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है ।रिपोर्ट दर्ज होने से भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन नहीं डरेगा रिपोर्ट लिखा जाना जेल जाना इसके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। आंदोलन के दौरान अगर जेल भी जाना पड़ा तो सभी किसान जेल भी जाने के लिए तैयार है।

## मिलावट खोरी करने वाले नौ दुकानदारों पर नमूनो में मिलावट पाए जाने पर एडीएम कोर्ट की बड़ी कार्यवाही 13.85 लाख का लगाया जुमार्ना

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़**/खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग टीम के द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए थे। जिसमें नौ दुकानदारों के खाद्य पदार्थों के नमूनों में मिलावट पाए जाने पर एडीएम कोर्ट ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 13.85 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। जिसमें बुलंदशहर रोड पर दूध में मिलावट पर 20 हजार, सराफा बाजार में राजभोग की मिथ्या छाप के लिए 50 हजार, धौलना में अनार जूस अमानक पाए जाने पर 25 हजार, सिंभावली हरोड़ा मोड पर सरसों तेल में मिलावट के लिए 25 हजार, जुमार्ना लगाया गया है। वही नवादा गांव में मिश्रित दूध पर 20 हजार, शेखपुरा खिचड़ा में कुटू आटे में वाहय पदार्थ मिलने पर 25 हजार, बदरखा में मांस की दुकान पर खराब व्यवस्था जंग लगे चाकुओं के प्रयोग पर 2 लाख, गांव वैट में तो मांस विक्रेताओं पर बगैर लाइसेंस संचालित मास का व्यापार करने पर अलग-अलग 5-5 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं विभाग ने जनवरी में भी 24 नैनो की जांच में दूध दही छाछ पनीर सरसों तेल और मसाले में मिलावट पाई थी। जिसको लेकर एडीएम संदीप कुमार ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिलावट खोरी करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी है सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ईद-उल-अजहा पर सुख समृद्धि व मुल्क में अमन शांति की मांगी गयीं दुआयें

**वेलकम इंडिया**



**संत कबीर नगर।** ईद-उल-अजहा के अवसर पर नगर की दो ईदगाहों सहित नगर की कई मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने सुख समृद्धि के साथ मुल्क में अमन व शांति की दुआयें मांगी ।जिला प्रशासन द्वारा शांति व सुरक्षा के मद्देनजर ईदगाह व नगर के सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गये थे।

गौर तलब हो कि ईद-उल-अजहा के मौके पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा शहर से दूर स्थित ईदगाहों में दो रकात नमाज अदा करने के बाद लोग एकदूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद देते हैं ।घर आकर हलाल जानवर की कुबार्नी करते हैं ।शनिवार को नगर के मगहर पुलिस चौकी के निकट दो अलग-अलग ईदगाहों में ईद-उल-अजहा की नमाज के साथ ही पूर्व निर्धारित नगर की बडी मस्जिदों मे भी नमाज अदा की गई। लोगों की सुविधा के लिये नगर पंचायत मगहर द्वारा ईदगाहों व मस्जिदों के आसपास साफ सफाई, चूने के छिड़काव के साथ ही टेंट लगाकर पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा जिला प्रशासन ने ऐसे स्थानों पर शांति व्यवस्था के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किये थे ।सुबह से ही ईदगाह पर जिलाप्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारी एसडीयम सदर पहुंचे और नमाज के बाद लोगों को गले मिल ईदुल अजहा की मुबारकबाद दी ।इस अवसर पर नगर चेयरमैन पति नूरुज्जमा अंसारी, प्रदीप कन्नौजिया, अवधेश सिंह, संजय दूबे, प्रभारी चौकी इंचार्ज एसआई अशोक सिंह, दीवान प्रदीप सिह, अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह, संजय दूबे, अवधेश सिंह, एडवोकेट सुधीर धरिवस्त्व, खलील खान, अजय सिंह बर्मा, हल्का लेखपाल, राहुल कन्नौजिया, अहमद आलम जेई, सुहेल अख्तर, हाफिज रिजवान, मोहम्मद असअद, आतिफ ओबैद, आलोक कुमार आदि लोगों ने गले मिलकर मुबारकबाद दी।

# गोशाला तोड़ने का विरोध में कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट मेरठ में किया प्रदर्शन



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** मेरठ में कांग्रेस कार्यकताओं ने सरधना तहसील के ग्राम खिर्वा नौआबाद में गोशाला तोड़े जाने के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गौरव भाटी ने बताया कि खिर्वा नौआबाद में नंदी गोशाला अस्थाई रूप से चल रही थी। इसमें 13 गोवंश रह रहे थे। गांव के वीरेंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह के पुत्र अमित ने गोशाला को तुड़वाकर गोवंशों को भगा दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गोवंश संरक्षण की बात करती है। लेकिन यहां दबंगों द्वारा गायों को भगाया जा रहा है और प्रशासन मौन है। जिला प्रशासन ने एक कमेटी बनाकर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में गौचर समिति के अध्यक्ष ब्रह्मपाल गोस्वामी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मोगा, यशपाल चौधरी, सपना सोम समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेरठ समेत वेस्ट यूपी में तापमान पहुंचेगा 40 डिग्री, चलेंगी झुलसाने वाली हीट वेव अलर्ट जारी



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गर्मी ने अपनी मौजूदगी का तीखा अहसास कराना शुरू कर दिया है। शुक्रवार सुबह से ही मौसम में तल्खी नजर आई और सूरज की तेज किरणों ने जैसे ही धरती को छुआ, गर्मी का असर साफ महसूस हुआ।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो से तीन दिन तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे लोगों को झुलसाने वाली गर्मी झेलनी पड़ेगी। हवा की गति धीमी होने और आर्द्रता में कमी के चलते वातावरण भारी व उमस भरा हो गया है। जो राहत बूंदाबांदी और हल्की बारिश के कारण कुछ दिन पहले महसूस हो रही थी, वो अब नदारद है। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही के अनुसार आने वाले दिनों में न सिर्फ दिन बल्कि रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हो सकती है। शहरवासी अब दोपहर में घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। डॉ. शाही ने यह भी बताया कि मानसून अपनी सामान्य रफ्तार से आगे बढ़ रहा है, और जून के अंतिम सप्ताह तक मेरठ व आसपास के इलाकों में इसकी दस्तक हो सकती है। तब तक के लिए लोगों को गर्म हवाओं, तेज धूप और उमस से जूझना होगा।

# जल कथा का तीसरा दिन-केवट संवाद के माध्यम से बताया गया जल का सांस्कृतिक महत्व

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** साप्ताहिक जल कथा के तीसरे दिन रामायण के केवट संवाद के माध्यम से जल के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि तालबेहट की ऐतिहासिक धरती से जल कथा का शुभारंभ नगरवासियों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में जल के प्रति नई चेतना का संचार होगा।

पूर्व राज्य मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने जल कथा को एक अनूठा प्रयास बताते हुए कहा कि जल संरक्षण को लेकर इस तरह के धार्मिक-सांस्कृतिक प्रयोगों को समाज में प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. राणा प्रताप सिंह, डीन, अकादमिक कार्य, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ ने कहा कि यह आयोजन देश में पहली बार जल के पौराणिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पक्ष को कथा के माध्यम से जनमानस तक पहुँचाने का प्रयास कर रहा है, जिससे जनचेतना का विस्तार होगा। प्रवचन में साध्वी सरिता गिरी ने कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। उन्होंने गंगा, यमुना, नर्मदा जैसी नदियों को सांस्कृतिक आत्मा बताते हुए उनके संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। कथावाचक महेंद्र बापू ने मानस कथा में केवट संवाद की विस्तृत व्याख्या की, वहीं साध्वी संतोष द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। खजुराहो से आए श्रद्धालु रामगोपाल शर्मा ने कहा कि यह कथा जल संरक्षण को लेकर जनमन में नई चेतना जगा रही है। जल सहेली फाउंडेशन के संस्थापक संजय सिंह ने कहा कि जल कथा के माध्यम से लोगों में जल के प्रति आस्था और संरक्षण की भावना विकसित होगी। कथा से पूर्व जल सहेलियों द्वारा तालाबों में श्रमदान किया गया तथा वरुण यज्ञ में मानसरोवर तालाब की शुद्धता के लिए आहुतियां दी गईं। कथा में झाँसी, जालौन, हमीरपुर, एटा, ललितपुर, निवाड़ी और छतरपुर से जल सहेलियाँ शामिल हुईं। परमार्थ संस्था के निदेशक अनिल सिंह, अभिनेता आरिफ सहड़ौली, नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, यजमान जी.एस. परिहार, राजेश त्रिपाठी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मेरठ में शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल अजहा की नमाज संपन्न



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ में ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई शनिवार सुबह 7:00 बजे शाही ईद का मैदान में ईद की नमाज शांतिपूर्ण और शहर तरीके से संपन्न की गई नमाज के पश्चात अमन शांति की दुआ भी की गई प्रशासन द्वारा की गई शक्ति और अपील का असर अच्छा खासा देखने को मिला सड़क पर कहीं भी नमाज अदा नहीं की गई जिन लोगों को शाही ईदगाह मैदान में जगह नहीं मिली उन्होंने अपने निवास के आसपास की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ की नमाज के दौरान ड्रोन से की गई चप्पे-चप्पे की निगरानी की गई

शाही ईदगाह और मस्जिदों के आसपास भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा नमाज के बाद डीएम एसएसपी ने नमाजियों को गले मिलकर ईद की बधाई दी और उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से ईद मनाने की अपील की ओर साथ ही स्टंटबाज और हुडदंगियो से सख्ती से निपटने की बात कही

# पुलिस निगरानी में सपन्न हुई जिले भर में ईद-उल-अजहा पर्व की नमाज, भाई चारे का दिया संदेश

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन मे जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी-थाना प्रभारियों द्वारा ईद-उल-अजहा(बकरीद) पर्व के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल के साथ भ्रमण कर जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया व ईदगाह पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज सकुशल सम्पन्न करायी गई । सकुशल नमाज सम्पन्न होने के उपरान्त त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया । जनपद हाथरस मे सभी जगह ईद-अल-अजहा की नमाज सकुशल संपन्न हो गयी है ।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि ईद-उल-अजहा(बकरीद) पर्व के दृष्टिगत जनपद हाथरस में ईदगाह सहित समस्त मस्जिदों में ईद की नमाज को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न करायी गयी । सभी क्षेत्राधिकारी गण के नेतृत्व में प्रत्येक थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु दंगा नियन्त्रण उपकरणो सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया ।इसके अतिरिक्त जनपदीय सोशल मीडिया सेल द्वारा सामाजिक सद्भावना बिगाडने वाले आसमाजिक तत्वो की सतत निगरानी की जा रही है ।

# ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** ईद उल अजहा का त्यौहार बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बाहर दतिया गेट स्थित मुख्य ईदगाह में प्रातःकाल से ही लोगों का ईदगाह की ओर जाना प्रारम्भ हो गया। मुख्य ईदगाह में शहर काजी व पेश इमाम ईदगाह मुफ्ति साबिर कासमी द्वारा ईद की नमाज अदा करायी गयी। पुरानी ईदगाह में हाफिज मोहम्मद काशिफ द्वारा ईद की नमाज अदा करायी गयी। नमाज के पूर्व शहर काजी व पेश इमाम ईदगाह मुक्ति साबिर कासमी द्वारा ईद का पर्व मनाये जाने व कुबार्नी के बारे में विस्तार से बताया, तत्पश्चात नमाज का तरीका बताने के बाद ईद की नमाज अदा कराई गयी। नमाज के बाद मुल्क में शान्ति, अमन चैन व भाई चारा कायम रखने के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। ईद को शान्तिपूर्वक मनाने के लिए डी.आई.जी. केशव कुमार चौधरी, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति विशेष रूप से ईदगाह व अन्य मस्जिदो में भ्रमण करके नजर बनाये रहे। ईदगाह में प्रमुख रूप से ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष कारी हसीब अहमद, महामंत्री याकूब अहमद मंसूरी एडवोकेट, ईदगाह तहफ्फुज कमेटी के अध्यक्ष नूर अहमद मंसूरी एडवोकेट, अबरार अली अब्बू, हाजी इब्राहिम खान, डॉ० मकसूद इलाही, मुफ्ती खालिद, तलहा, सन्तोष राज वर्मा के अलावा सनिक अधिकारी ए०डी०एम० प्रशासन शिवशंकर शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट प्रशासनिक प्रमोद झा, एस०पी० सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, एल.आई.ओ. इन्स्पेक्टर नीरज दीक्षित, कोतवाल राजेश गौतम, नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डन आनन्द सक्सेना, विजय सिजरिया व डिवीजन वार्डन अतुल किल्पन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी।

# हैवानियत : विवाहित लडकी को बंधक बनाकर लखनऊ में दुष्कर्म करने और आपत्ति जनक फोटो वायरल की धमकी का आरोप

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक दबंग युवक के द्वारा एक विवाहित लडकी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने और आपत्ति जनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। गाँव का नामजद युवक उसको बंधक बनाकर लखनऊ में ले गया जंहा पर दो सप्ताह तक सामूहिक दुष्कर्म किया। उसे नशा होने के दवाई देकर बेहोश कर देता था। होश आने पर जब विरोध करती थी तो उसे न केवल हथियार बल पर जान से मारने की धमकी दी जाती थी बल्कि आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। आपको बता दें कि हसायन थाना क्षेत्र के एक गाँव की विवाहित लडकी आपने मायके में रह रही थी। इसकी शादी आगरा के सदर कोतवाली क्षेत्र में हुई है। इसके गांव का ही एक युवक उसे बद नियत की नजर से देखता था और वह जब अपने घेर जाती थी तब वह उसके फोटो खींचता था और अकेला देखकर गलत कमेंट भी किया करता था। लड़की ने बताया कि वह इसका विरोध करती तो वह उसके घर वालों को जान से मारने और किसी झूठे केस में फसाने की धमकी देता था। घटना करीब 20 दिन पहले की है जब यह विवाहित लड़की अपने गांव में घेर पर गई थी। इसी वक्त गांव का ही नामजद युवक आया और उसके मुंह पर न जाने क्या लगा दिया जिससे वह लड़की बेहोश हो गई और उसको बंधक बनाकर न जाने कहां ले गया। लड़की को जब होश आया तो उसको फिर से वही दवा लगा दी जिससे लड़की फिर बेहोश हो गई। लड़की ने आरोप लगाया है कि उसके साथ उसने गंदे गंदे तरीके से गलत काम किया है जिससे मुझे बताने में भी शर्म आती है। लड़की ने बताया कि उसके साथ करीब दो सप्ताह दुष्कर्म करता रहा। जब उस युवक का मन भर गया तो वह हसायन थाने में छोड़ गया। वहां से मुझे मेरा भाई लेकर आया। घर आकर मैंने अपने भाई को अपनी आप बीती बताई इसके बाद में थाने में शिकायत करने गई तो मुझे थाने में पुलिस के द्वारा बहुत गंदी-गंदी तरीके से गाली दी गई मेरे साथ मेरी कोई सुनवाई नहीं की गई है।

# सिम पोर्ट कर साइबर फ्रॉड करने के मामलें में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम/निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं पुलिस उपाधीक्षक साइबर अपराध प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना आलोक सोनी के नेतृत्व में उ0नि0 रमेश यादव, उ0नि0 अमरनाथ यादव, हे0का0 हिन्दे आजाद, का0 रामप्रवेश मद्धेशिया ने दिनांक 07.06.2025 को अभियोग उपरोक्त में वांछित 03 अभियुक्तगण इन्द्रेश निषाद पुत्र रामप्रीत निषाद निवासी चकदही थाना कोतवाली खलीलाबाद, अनूप पुत्र शेषबरन साकिन गौराखास जगतबेला थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर, अमन पुत्र विजयनाथ निवासी बनकटिया थाना कोतवाली खलीलाबाद को राजेश्यवरी आटो पुराना पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया । जिनके कब्जे से 14750 रुपया नगद, 04 अदद मोबाइल , 05 अदद सिम, एक अदद डीएल, 11 अदद एटीएम कार्ड, 01 अदद फर्जी आधार कार्ड की छायाप्रति बरामद किया गया व घटना के उपरान्त अभियुक्तों के 03 खातों में 1,25,369 रुपये पूर्व में सीज कराए गए । आवेदक श्री बोसचन्द्र पुत्र स्व0 सुन्दर प्रसाद निवासी तहसील खलीलाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा दिनांक 19.04.2025 को साइबर क्राइम थाना पर तहरीर दिया गया कि रजिस्ट्री आफिस में उनकी स्टाम्प की दुकान है।

# उत्तराखण्ड हिमालय में चार धाम की यात्रा के लिए युवाओं के एक दल पसरट्टा बाजार से वाहन द्वारा रवाना

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** आध्यात्मिक चेतना एवं सांस्कृतिक जागरण के उद्देश्य से हाथरस से उत्तराखण्ड हिमालय में स्थित चार धाम की यात्रा के लिए युवाओं के एक दल पसरट्टा बाजार हाथरस से वाहन द्वारा प्रस्थान किया।

चार धाम यात्रा को हिंदू धर्म में मोक्ष प्राप्ति और पापों के क्षय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह यात्रा भक्तों को आत्मज्ञान और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करती है. यात्रा करने से व्यक्ति जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। यात्रा करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे पुण्य की प्राप्ति होती है। चार धाम यात्रा भक्तों को अपने अंदर की सच्चाई और आत्म-ज्ञान का अनुभव कराती है साथ ही भक्तों को अलौकिक और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करती है। व्यक्ति को विभिन्न क्षेत्रों की भाषा, इतिहास, धर्म और परंपराओं से परिचित होने का मौका देती है, जिससे आत्मज्ञान में वृद्धि होती है. व्यक्ति को सत्य का ज्ञान होता है और वह परमतत्व से जुड़ाव महसूस करता है। विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा कैलाश कूलवाला जिला सह समरसता प्रमुख मनोज वार्ष्णेय, बजरंग दल विभाग सह संयोजक हर्षित गोड़ आदि ने जय श्री राम, हर हर महादेव के उद्घोष के साथ युवाओं को चारधाम यात्रा के लिए रवाना किया। नवीन अग्रवाल मुकुल अग्रवाल प्रशांत खंडेलवाल पुनीत शर्मा नितिन खंडेलवाल देवेश वार्ष्णेय दीपक अग्रवाल दीपक वार्ष्णेय रवि गोस्वामी कपिल अग्रवाल अजय डिग्गीवाल धनंजय वार्ष्णेय पंकज वार्ष्णेय भूपेश अग्रवाल राकेश आदि युवाओं ने यात्रा के लिए प्रस्थान किया सभी यमुनोत्री केदारनाथ बद्रीनाथ गंगोत्री तुंगनाथ महादेव हेमकुंड साहिब के दर्शन कर सांस्कृतिक व आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण हो हाथरस लोटेंगे।

# मुख्यमंत्री ने नैनीताल में कुमाऊं मंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की

ओ पी उनियाल



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में कुमाऊं मंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में कुमाऊं मंडल के छह जनपद नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत एवं ऊधमसिंहनगर के जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंडल में केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा गतिमान योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण को आपसी समन्वय बनाते हुए जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार लगाकर, चौपाल लगाकर धरातल पर कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि अंतिम छोर पर खड़ा व्यक्ति भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जनपद में चल रहे कार्यों में अपना योगदान करें। भ्रष्टाचार को समाप्त करना ही हमारा संकल्प है और इसके लिए 1064 नंबर चलाया गया है। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को कहा कि वह 10 से 1:00 बजे तक अपने कार्यालय में बैठने का शेड्यूल बनाएं, ताकि दूर से आने वाले लोग उनसे मिल पाए व अपनी बात रख पाएं। मुख्यमंत्री ने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानकों के अनुरूप कार्य न होने या अनावश्यक देरी होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जमरानी बांध परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि पुनर्वास पैकेज को स्वीकृति दी जा चुकी है तथा मास्टर प्लानिंग पूर्ण हो चुकी है। मानसून से पूर्व मुख्य बांध उत्तराखण्ड कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह परियोजना उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों के लिए सिंचाई क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने सूखा ताल के पुनर्जीवन प्रयासों को और गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह कार्य नमामि गंगे योजना के अंतर्गत पेयजल विभाग द्वारा किया जा रहा है और ?2916.00 लाख की लागत से जनपद नैनीताल में सूखाताल झील का संवर्धन एवं सौंदर्यकरण का कार्य गतिमान है। उन्होंने इस दौरान कैंची धाम क्षेत्र के समग्र विकास पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां सभी आवश्यक सुविधाओं के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि ?2815.68 लाख की लागत से मानसखण्ड मंदिर माला के अंतर्गत श्री कैंची धाम में सौंदर्य कारण एवं प्रकाशीकरण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के लिए मास्टर प्लान पर प्रगति की जानकारी दी और बताया कि पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का बजट दोगुना किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा क्षेत्र में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उत्तराखण्ड सरकार किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी।

## अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**हाथरस।** थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर एक युवक नगला अलिया की तरफ से गिरफ्तार कर लिया है। इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त ने अपना नाम पता नितिन कुमार पुत्र अनिल चौहान निवासी नगला अलिया थाना हाथरस जंक्शन बताया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार फरार-वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस ने कार्यवाही की है।

## शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य मेले को राजकीय मेले के रूप में मनाया जाएगा : धामी

ओम प्रकाश उनियाल



**देहरादून।** थराली के चेपड़ों गांव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य मेले में प्रतिभाग किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल में पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य मेले को राजकीय मेले के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद भवानी दत्त जोशी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि हमें उनके सम्मान में आयोजित मेले में शामिल होने का अवसर मिला। थराली विधानसभा क्षेत्र में निमार्णाधीन पुल गिरने की घटना पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घोर लापरवाही है। इसके लिए तीन इंजीनियरों को तत्काल सस्पेंड किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीद सतीश चंद्र के पित महेशानंद, शहीद कृपा सिंह की पत्नी श्रीमती विमला देवी, शहीद हिम्मत सिंह के भाई अभय सिंह नेगी और श्रीमती सरोजनी कोटड़ी को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर ही नहीं, नीतियों में भी बदलाव हो रहे हैं। फिर चाहे वह समान नागरिक संहिता हो, नकल विरोधी कानून हो या महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रयास।

## शीतला माता मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन



निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**लखनऊ:** शीतला देवी मंदिर प्रांगण में ज्येष्ठ मास के अंतिम शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया।हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद चखा।

ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को माल कस्बे में पुराने डाकघर के निकट स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बजरंग बली के पूजन-अर्चन के साथ भंडारे की शुरूआत हुई। जिसमें आस-पास के सैकड़ों भक्तों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा महेंद्र सिंह, शुभम गुप्ता, धीरज यादव, मुकेश गुप्ता, सचिन मौर्य, अभिषेक यादव, मोहनलाल मौर्या, सोनू वर्मा, सहित क्षेत्रीय लोगों के सामूहिक सहयोग से आयोजित हुआ। बजरंग बली के समक्ष पूजन अर्चन कर भंडारे की शुरूआत हुई। इस मौके पर समाजसेवी शुभम गुप्ता ने ज्येष्ठ माह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ज्येष्ठ माह का प्रारंभ वैशाख मास की पूर्णिमा के बाद होता है। यह माह गर्मी के मौसम के बीच आता है, इसलिए इसे उष्णता और तीव्रता का माह माना जाता है। इस माह में कई खास व्रत और त्योहार होते हैं, जैसे निर्जला एकादशी, वट सावित्री व्रत, गंगा दशहरा, और बड़ा मंगल।

# ईद का जश्न, प्रशासन की मुस्कान: जब बकरीद पर बच्चों के चेहरे खिल उठे

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी:** बकरीद के पावन अवसर पर जब पूरे शहर में कुबार्नी, भाईचारे और इबादत की खुशबू फैली हुई थी, उसी समय एक और तस्वीर उभरकर सामने आई इंसानियत और सौहार्द की। जनपद खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने गोटैय्याबाग मस्जिद, ईदगाह और खीरी टाउन का दौरा कर यह संदेश दिया कि प्रशासन केवल नियमों का पालन कराने वाला तंत्र नहीं, बल्कि समाज के हर सुख-दुख में भागीदार भी है।भ्रमण के दौरान जब डीएम और एसपी ने बच्चों को टॉफियां और बिस्कुट बांटे, तो बच्चों की आंखों में जो चमक उभरी, वह किसी ईदी से कम नहीं थी। प्रशासनिक गंभीरता के बीच यह एक भावनात्मक पल था, जब खाकी वर्दी और सरकारी कुर्ता-पाजामा मुस्कुराहटों में ढल गए। बच्चों की नन्ही हथेलियों में मिठाई थी और दिलों में विश्वास कि त्योहार सबका होता है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जहां स्वच्छता व्यवस्था और घर-घर अवशेष संग्रह प्रणाली का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा, वहीं एसपी संकल्प शर्मा ने शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की। लेकिन इन तमाम जिम्मेदारियों के बीच उनका बच्चों से संवाद यह दिखाता है कि प्रशासनिक कामकाज केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक मानवीय जिम्मेदारी भी है।त्योहारों पर इस प्रकार की उपस्थिति प्रशासन को आमजन से जोड़ती है। यह सिर्फ एक औचक निरीक्षण नहीं था, बल्कि एक विश्वास की डोर थी जिसे डीएम और एसपी ने अपने स्नेह और संवाद से मजबूत किया। बकरीद के इस अवसर पर खीरी में अमन, शांति और भाईचारे की मिसाल कायम हुई।पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। लेकिन जो बात इस दिन को सबसे खास बनाती है, वह थी बच्चों की मुस्कुराहटें और वह पल जो यह दिखाता है कि जब शासन संवेदना से जुड़ता है, तब त्योहार सिर्फ मजहब नहीं, बल्कि इंसानियत का जश्न बन जाते हैं।

## नवरात्रों में श्रद्धा, भक्ति भाव से मां भगवती की करें पूजा- गौड़

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर/अनूपशहर/श्रीमद् देवी भागवत कथा में व्यास राजेंद्र गौड़ ने कहा कि शरद ऋतु तथा वसंत ऋतु में नवरात्रों में श्रद्धा, प्रेम से मां भगवती की पूजा करें।

शनिवार को मुहल्ला केदार शाह स्थित हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ पुरोहित सौरभ गौड़ ने वैदिक रीति रिवाज से कराया। कथा व्यास राजेंद्र गौड़ ने नवरात्रि का वर्णन सुनाते हुए कहा कि महर्षि व्यास ने जन्मेजय को विधान सुनाते हुए बताया कि शरद ऋतु तथा बसंत ऋतु की नवरात्रों में श्रद्धा, प्रेम से मां भगवती की पूजा करें। मां जगदंबा की स्थापना तथा घटस्थापना करें। ब्राह्मणों का वरण कर स्वस्तिवाचन करके विधि पूर्वक पूजन करें। देवी का पाठ करने के लिए 9, 5, 3 या एक ब्राह्मण का वरण करें। देवी के समक्ष उत्तम नवरात्र व्रत करने का संकल्प करें। कन्याओं की आयु के अनुसार नाम बताते हुए व्यास जी ने कहा की 1 वर्ष की कन्या को पूजा के लिए नहीं लेना चाहिए। 2 वर्ष की कन्या कुमारी कहलाती है। 3 वर्ष की कन्या को त्रिमूर्ति, 4 वर्ष की कन्या को कल्याणी, 5 वर्ष की कन्या को रोहिणी, 6 वर्ष की कन्या को कालिका, 7 वर्ष की कन्या को चंडिका, 8 वर्ष की कन्या को शांभवी, 9 वर्ष की कन्या को दुर्गा कहा गया है। कन्या रोगहीन, सुंदर, श्रेष्ठ रूप वाली होनी चाहिए। यदि कोई पूरे नवरात्र व्रत ना कर सके तो सप्तमी, अष्टमी, नवमी तीन दिन व्रत रखकर फल की प्राप्ति कर सकता है। नवरात्रि का प्रसंग सुनते हुए कहा कि भगवान राम ने भी लंका विजय तथा रावण के वध के लिए आश्विन माह की शुक्ल पक्ष के नवरात्रों का अनुष्ठान किया था।

## पत्रकार रविन्द्र प्रकाश गौड़ के बेटे वंश बने सी आई एस एफ हैदराबाद में उपनिरीक्षक



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद /बुलंदशहर** इंडियन काउंसिल ऑफ प्रेस के जिला महामंत्री रविन्द्र प्रकाश गौड़ के ज्येष्ठ पुत्र वंश गौड़ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में उपनिरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। उनकी इस नियुक्ति से परिजनों एवं साथी पत्रकारों में हर्ष का माहौल है केशोपुर सठला के मूल निवासी रविंद्र प्रकाश गौड़ के होनहार ज्येष्ठ पुत्र वंश गौड़ के साथ समूचे देश के 347 अधिकारियों को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने पिछले एक वर्ष से कठोर प्रशिक्षण दिया।7 जून को सभी प्रशिक्षुओं को देश सेवा हेतु समर्पित किया गया। सभी प्रशिक्षुओं ने सीआईएसएफ और राष्ट्रीय ध्वज के नीचे देश सेवा करने की शपथ ली।शपथ डीआईजी आर सी टी ट्रेनिंग निशा हैदराबाद द्वारा दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह को देखने प्रशिक्षुओं के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षुओं के अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्टार लगाकर अपना आशीर्वाद दिया। रविन्द्र प्रकाश गौड़ के बेटे की इस उपलब्धि से परिजनों और साथी पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है। सभी साथियों ने रविन्द्र प्रकाश गौड़ को बधाई दी और उन्होने आभार जताते हुए सभी का मूंह मीठा कराया।

# हर वर्ष की तरह निकाली जाएगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** जिले में हर वर्ष की भांति निकाली जाने वाली भगवान परशुराम की शोभायात्रा 21 जून को विधिवत्त पूजा अर्चना के साथ निकाली जाएगी इस बार शोभायात्रा को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र 21 जून को ही धौलपुर पहुंचेंगे जहां पहले सर्किट हाउस में अपने समर्थकों और कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे इसके बाद शाम 4 बजे परशुराम सेवा सदन पहुंचकर भगवान परशुराम की प्रतिमा को पूजा अर्चना कर शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे इस बार निकलने वाली भगवान परशुराम की शोभा यात्रा परशुराम सेवा सदन से शुरू होकर घंटाघर, हरदेव नगर,जगन चौराहा, सराय गजरा,पुराना डाकखाना, लाल बाजार, सब्जी मंडी, तोप तिराहा, संतर रोड, जीटी रोड से वाटर बॉक्स होते हुए परशुराम सेवा सदन पर ही महाआरती के बाद संपन्न होगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

# निर्जला एकादशी पर भंडारे का आयोजन, सुंदरकांड के पाठ से माहौल हुआ भक्तिमय

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद।** शनिवार को व्यापारी नेता और प्रमुख समाजसेवी सोनू पाठक के नगर के टाउन स्कूल स्थित आवास पर निर्जला एकादशी पर्व के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। सुंदरकांड की समाप्ति पर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में अपर मुख्य अधिकारी धर्मजीत त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता सौरभ मिश्रा, पालिकाअध्यक्ष किशनपाल लोधी एवं कोतवाली प्रभारी रामपाल सिंह, डॉ देवेंद्र गर्ग, सूर्यप्रकाश बंसल, मंडी व्यापार मंडल अध्यक्ष नवीन बंसल, भाजपा नगर अध्यक्ष कैलाश सैनी, विनय अग्रवाल, मनोज गुप्ता सहित नगर के अनेकों गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयेश अग्रवाल, संदीप गोयल, अंशुल गर्ग, नीतू पाठक, बब्बू पंडित, मोनू पाठक, हिरदेश पाठक, ओम कौशिक, राजा बाबू समेत कई सामाजिक और व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

# ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास और अमन-चैन के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया



लखीमपुर खीरी समेत कस्बा खीरी में शुक्रवार को ईद-उल-अजहा का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा हर्षोल्लास, उत्साह और पूर्ण अमन-चैन के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम बहुल मोहल्लों में रौनक दिखी। लोग नए पारंपरिक वस्त्र पहनकर मस्जिदों व ईदगाहों की ओर रवाना हुए। ईदगाह और मस्जिदों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान देश की सलामती, आपसी भाईचारे और अमन-शांति के लिए दुआ मांगी गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और कुबार्नी का सिलसिला शुरू हो गया। नमाज के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में कुबार्नी अदा की। कुछ जगहों पर सामूहिक कुबार्नी भी की गई, लेकिन प्रशासन की गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया गया। पीस कमेटी बैठकों में पहले ही खुले में कुबार्नी न करने, साफ-सफाई बनाए रखने और सौहार्द बिगाड़ने वाली कोई गतिविधि न करने की अपील की गई थी। खीरी कस्बे की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त की गई। साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी रखी गई ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। ईदगाह पर अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, सीओ रमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय, खीरी चौकी प्रभारी साधना यादव, सदर एसडीएम अश्वनी सिंह, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि फहीम अहमद भी मौजूद रहे।

# नैनीताल जनपद की विभिन्न विकास परियोजनाओं मुख्यमंत्री ने लोकार्पण एवं शिलान्यास किया




ओम प्रकाश उनियाल

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लालकुआं, नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में नैनीताल जनपद की लगभग 126 करोड़ 69 लाख रुपए लागत की 27 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, सिंचाई, सीवरेज, नगर विकास, सौंदर्यीकरण और निराश्रित गौवंश संरक्षण से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। इस दौरान ? 25.93 करोड़ की लागत से 9 योजनाओं का लोकार्पण और 100.76 करोड़ की लागत से 18 योजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत बनाएंगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल जनपद को आदर्श जिला बनाने की दिशा में मानसिक चिकित्सालय, कैंसर संस्थान, आयुष अस्पताल, ओपन जिम, आंबेडकर पार्क, रिंग रोड, बाईपास रोड, एस्ट्रो पार्क, पोलिनेटर पार्क और खेल विश्वविद्यालय जैसी परियोजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं। हल्द्वानी को क्लीन एंड ग्रीन सिटी बनाने के लिए वेस्ट मैनेजमेंट और सीवरेज प्रबंधन योजनाएं शुरू की गई हैं, जबकि जाम की समस्या को दूर करने के लिए मल्टी-स्टोरी पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। जमरानी बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना और खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी जैसे प्रयास तराई क्षेत्र को दीर्घकालिक लाभ देंगे। कार्यक्रम के दौरान ओखलकांडा में क्षतिग्रस्त 11 नहरों का पुनर्निर्माण, भीमताल में जिला आयुर्वेदिक भवन, रामगढ़ में मल्ला सूफी-रूसानी-दीगड़-कफूवा लोधिया मोटर मार्ग, बेतालघाट में मल्ली सेठी लिफ्ट सिंचाई योजना, हल्द्वानी में पशु चिकित्सालय में वाहनों की पार्किंग एवं पशुओं हेतु ओटी निर्माण, कालाढूंगी में पशु चिकित्सालय भवन, गंगापुर कबडवाल में गौशाला निर्माण (फेज-1), रामनगर में राजकीय पॉलीटेक्निक भवन और पाण्डे नवाड़ हल्द्वानी में पुनर्वास केंद्र का जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया।

# वेट लिफ्टिंग वॉरियर एकेडमी का केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने दीप प्रज्वलित तथा फीता काटकर किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** वेट लिफ्टिंग खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए वेट लिफ्टिंग वॉरियर अकादमी का शुभारंभ किया गया। वेटलिफ्टिंग बैरियर अकादमी का शनिवार को केंद्रीय मंत्री भारत सरकार किरण रिजिजू दीप प्रज्वलित तथा फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि खेल देखने में आसन लगते हैं लेकिन बेहतर खिलाड़ी बने और ओलंपिक जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत और जुनून की आवश्यकता होती है। केंद्रीय मंत्री ने ओलंपिक मेडल विजेता मीराबाई चानू के संघर्ष के विषय में बताते हुए कहा कि वेट लिफ्टिंग के प्रति जुनून, अनुशासन और कड़े अभ्यास ने मीराबाई चानू को इस मुकाम पर पहुंचा है। रिजिजू ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है आज शुरू हुई वेटलिफ्टिंग वॉरियर अकादमी से ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी निकलेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। रिजिजू ने आश्वासन दिया कि वेटलिफ्टिंग वॉरियर अकैडमी और उसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु खिलाड़ियों को सरकार से मदद दिलाने का कार्य किया जाएगा। बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने कहा कि उनके क्षेत्र में वेट लिफ्टिंग वॉरियर जैसी अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित स्पोर्ट्स अकैडमी का शुभारंभ बेहद गर्व की बात है उन्होंने कहा कि बेहतर संस्थान से ही पदक जितवा खिलाड़ी निकलते हैं। क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से निवेदन किया कि उनके क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की अकादमी स्थापित की जाए। विधायक ने अकादमी के लिए अपने स्तर से भूमि उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन केंद्रीय मंत्री को दिया। अकादमी में उदयमान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रही ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने केंद्रीय मंत्री को विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ी आगामी ओलंपिक खेलों में पदक जीत कर देश का नाम रोशन करेंगे। द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित राष्ट्रीय महिला वेटलिफ्टर कोच विजय शर्मा ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू को आश्वासन दिया कि वह अपना सर अंतरराष्ट्रीय अनुभव वेट लिफ्टिंग वॉरियर अकादमी के उदयमान खिलाड़ियों को तरसते में लगा देंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मौजूद गणमान्य लोगों में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद वैशाली भाजपा वरिष्ठ नेता स्वदेश जैन डॉक्टर पवन सिंघल मंडल अध्यक्ष मोदीनगर आकाश शर्मा देवेंद्र चौधरी डॉ विनय मित्तल रणबीर दहिया रालोद जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह अजय शर्मा सभासद प्रदीप शर्मा भीष्म शर्मा मोनू धामा संजय भदोला आदि मौजूद रहे।

# पतला शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर की गई शिवलिंग स्थापना



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पंचायत पतला में मंदिर में भगवान शिव शंकर के शिवलिंग की स्थापना हुई। नगर पंचायत पतला बड़ा शिव मंदिर में राष्ट्रीय लोक दल के बागपत सांसद डॉ राजकुमार सागवान तथा क्षेत्र विधायक का डॉक्टर मंजू शिवाच तथा राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी तथा पतला नगर पंचायत की चेयरपर्सन रीता चौधरी ने पूजा अर्चना करके शिवलिंग की स्थापना की। पतला के शिव मंदिर में ग्रामीण महिलाएं तथा पुरुष भारी संख्या में उपस्थित रही। हवन और पूजा पाठ व धार्मिक संस्कृति से मंत्रो उच्चारण किया गया। इस मौके पर मंदिर द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर प्रमुख लोग ,अनिल त्यागी चेयरपर्सन नगर पंचायत निवाड़ी, पतला चैयरमेन पति देविंद्र चौधरी, अमित चौधरी, देवेन्द सिंह चौधरी, अनुज चौधरी, कविता चौधरी, सतेंद्र तोमर, संजय सहित गनमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धौलपुर के विकास के लिए हमेशा सबके साथ खड़ा रहूंगा: मोतीलाल मीणा



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** विद्या भारती संस्थान द्वारा संचालित स्थानीय आवासन मंडल बाड़ी रोड स्थित भारतीय आदर्श विद्या मंदिर में बौद्धिक कक्ष, स्नानागार और शौचालय निर्माण हेतु भूमि पूजन हुआ और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा के ऑयल इंडिया कॉरपोरेशन के निदेशक बनने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बोलते हुए मोतीलाल मीणा ने कहा कि देश भर में विद्या भारती की ओर से संचालित विद्यालयों में संस्कारित शिक्षा दी जाती है तथा यहां के विद्यार्थी आगे जाकर अपने कार्य क्षेत्र में राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते हुए बखूबी ढंग से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नए निर्माण से छात्रों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी और वे मन लगाकर अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वो भले ही भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हों या ऑयल इंडिया कॉरपोरेशन में निदेशक बन गए हों पर धौलपुर जिले से उनका विशेष लगाव रहा है। उनका जन्म भले कोटा क्षेत्र में हुआ परन्तु कर्म स्थली धौलपुर रहा है। यहां तहसील प्रचारक और जिला प्रचारक आरएसएस में, बजरंग दल और विद्यार्थी परिषद के माध्यम से जिले के लोगों ने जो असीम प्यार मुझे दिया है उसे मैं मरते दम तक नही भूल सकता। उन्होंने कहा कि धौलपुर के विकास के लिए मैं हमेशा सबके साथ खड़ा रहूंगा। जहां तक विद्यालय विकास की बात है तो वो विद्या भारती के प्रत्येक स्कूल के लिए तन, मन, धन से तैयार हैं। इससे पूर्व शुभारंभ में स्कूल परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मोतीलाल मीणा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मां सरस्वती व मां भारती की वन्दना की गई तथा पंडित योगेश शास्त्री ने भूमि पूजन कराया। समारोह को विश्वंभर दयाल शर्मा, डॉ. विजय सिंह, डॉ.रामलखन गोयल सहित संस्थान के जिलाध्यक्ष नाहर सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन मुकेश सूतैल ने किया तथा आभार यदुनाथ शर्मा ने व्यक्त किया। इस मौके पर कायम सिंह परमार, हितेंद्र त्यागी, डॉ.सुभाष जैन, सत्येंद्र पाराशर, सुरेश सिंह, गिर्राज सिंह, वीरेंद्र त्यागी, धीर सिंह जादौन, जगदीश दुबे, गिर्राज शर्मा, डॉ प्रकाशदीप, दुष्यंत शर्मा, जयन्त मोदी, राजीव झा, अनुपम पांडेय आदि रहे।

# पंजाबी संगठन, महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब द्वारा किया गया शरबत का वितरण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गोविंदपुरी में पंजाबी संगठन मोदीनगर , महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब , उड़ान इंटरनेशनल द्वारा संयुक्त रूप से एक शरबत वितरण शिविर (शबील) का आयोजन किया गया।

महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ शालिनी नैयर में बताया कि यह आयोजन समाज सेवा की भावना ₹सेवा ही धर्म है₹ को समर्पित था। गर्मी के इस मौसम में राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए ठंडे शरबत का वितरण कर उन्हें राहत पहुंचाने का उद्देश्य इस सेवा कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य था। इस अवसर पर मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होकर स्वयं लोगों को शरबत वितरित किया और संगठन के इस नेक कार्य की सराहना की। दोनों संगठनों ने श्री विनोद वैशाली जी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह का भी विशेष सहयोग रहा। जिसके लिए संगठन ने उनका भी हृदय से धन्यवाद किया ।इस शिविर में लगभग 300 से अधिक लोगों ने शरबत ग्रहण किया और पंजाबी संगठन की सेवा भावना की खुले दिल से प्रशंसा की। इस आयोजन का नेतृत्व पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष अजय ग्रोवर एवं महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर द्वारा किया गया ।शिविर में कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से:विजय मेहरा, संजय नैयर, नीरज बत्रा,संजीव गुलाटी, रमेश खुराना, एन के ग्रोवर, हरेंद्र अरोड़ा, रॉबिन खुराना, रौनक अरोड़ा, अंजली सचदेवा, हर्षिता चौधरी, गीता मोहन अरोड़ा, अनीता आहूजा, मीना भल्ला, रुचि, डॉ. सुषमा, रोजी, कोमल, विशाखा आदि शामिल रहे।

# आईफा मोदीनगर की सिल्वर जुबली पर मोदी आईफा आर्ट गैलरी का उद्घाटन 9 जून को

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स स्थापना जून 2000 में प्रसिद्ध उद्योगपति सतीश कुमार मोदी एवं श्रीमती आभा मोदी ने मोदीनगर में की जिसका उद्देश्य फाइन आर्ट्स के छात्रों को शिक्षित एवं पारंगत करना है। यह जानकारी देते हुए प्रबंधक संघर्ष शर्मा ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में 9 जून 2025 सुबह 9:30 बजे मोदी आईफा आर्ट गैलरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोदीनगर विधायका सुश्री डॉ. मंजू शिवाच के कर कमलो से होना है इस दौरान अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित होंगे एवं केक काटकर सिल्वर जुबली मनाई जाएगी ।आईफा संस्थान पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सबसे पुराना कला संस्थान है जो चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध है जिसकी अब अपनी खुद की पब्लिक आर्ट गैलरी होगी। जिसका लगभग 7000 वर्ग फुट एरिया है अभी तक किसी भी प्राइवेट संस्थान के पास इस प्रकार की आर्ट गैलरी नहीं है। इस आर्ट गैलरी में भारत के विभिन्न प्रदेश से आए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा यह प्रदर्शनी दिनांक 09 जून 2025 से 15 जून 2025( समय सुबह 10:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक पब्लिक एवं कला प्रेमियों के लिए खुली रहेगी मोदीनगर और आसपास के कला प्रेमी, कला शिक्षक, छात्र-छात्राएं के लिए सौभाग्य की बात है जिन्हें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों से रूबरू होकर कला गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलेगी।



# निर्जला एकादशी के अवसर पर किया गया शरबत वितरण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** रोटेरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेन्ट्रल एवम् लक्ष्मी इन्टरप्राइजेज द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर शरबत वितरण किया गया। निर्जला एकादशी के पावन त्यौहार पर मै. लक्ष्मी इन्टरप्राइजेज, अमृत स्टील कम्पाउण्ड, साउथ साईड, जी.टी. रोड़, इंडस्ट्रियल ऐरिया गाजियाबाद पर शरबत वितरण किया गया। इस मौके पर डी.जी.एन. अमित गुप्ता, रो. अजय शर्मा प्रेसीडेंट, रो. अनुपम गर्ग सेक्रेटरी, रो. स्वाती गुप्ता क्लब लर्निंग फेस्लेटिर रो. संजय गर्ग कोषाध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित हुए और सभी श्रद्धालुजनों को निर्जला एकादशी के पावन त्यौहार पर अपनी शुभकामनाएं दी। रो. अजय शर्मा प्रेसीडेंट ने कहा कि निर्जला एकादशी के पावन त्यौहार का सनातन धर्म में बहुत महत्व है। जो श्रद्धालु भक्तजन सच्चे मन से निर्जला एकादशी पर शरबत का वितरण करता है और जो भक्तजन शरबत का प्रसाद ग्रहण करता है। भगवान उसकी मनोकामना पूर्ण करते है। उन्होंने शरबत वितरण कार्यक्रम में पधारे श्रद्धालु जनों का आभार व्यक्त किया।

# जीडीए की हरनंदीपुरम योजना, ये पहली रजिस्ट्री ही नहीं , भविष्य की नींव : अतुल वत्स (वीसी)

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की बहुप्रतीक्षित हरनंदीपुरम आवासीय योजना अब धरातल पर उतरने लगी है. बुधवार को इस महत्वाकांक्षी योजना की पहली रजिस्ट्री पूरी की गई, जिससे इस ड्रीम प्रोजेक्ट की औपचारिक शुरूआत हो गई। गाजियाबाद में जीडीए की हरनंदीपुरम योजना ने भरी उड़ान ग्राम नंगला फिरोज मोहनपुर की निवासी श्रीमती रूबी को उनकी 0.0759 हेक्टेयर भूमि के बदले ?43 लाख 71 हजार 840 रुपये का मुआवजा दिया गया। इस मौके पर जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने उन्हें चेक सौंपा और योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा ह्लयह सिर्फ एक रजिस्ट्री नहीं है, बल्कि गाजियाबाद के भविष्य की नींव है। हरनंदीपुरम योजना गाजियाबाद को स्मार्ट और सुरक्षित टाउनशिप की दिशा में नई पहचान देगी। मई 2025 में मंजूरी प्राप्त इस योजना के पहले चरण में 336 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा रही है। इसके अंतर्गत पांच गांव शामिल हैं मथुरापुर, शमशेर, चंपतनगर , भनेरा खुर्द, तथा नंगला फिरोज। इस योजना के तहत किसानों को सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के बीच सकारात्मक माहौल बना है। 2,384 करोड़ की लागत, यूपी सरकार से 400 करोड़ की सहायताहरनंदीपुरम परियोजना की कुल अनुमानित लागत ?2,384 करोड़ रखी गई है, जिसमें से ?400 करोड़ की सहायता उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दी जा रही है। योजना के तहत गाजियाबाद में एक आधुनिक, हरित और सुरक्षित टाउनशिप विकसित की जाएगी। एनसीआर में बनेगी रोल मॉडल योजना जीडीए अधिकारियों का मानना है कि हरनंदीपुरम योजना केवल गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि पूरे एनसीआर के लिए एक रोल मॉडल के रूप में सामने आएगी। नागरिकों को यहां बेहतर बुनियादी सुविधाएं, हरियाली और सुरक्षित जीवनशैली उपलब्ध कराई जाएगी। पहली रजिस्ट्री के साथ अब एक नई शुरूआत हो चुकी है, और अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि यह ड्रीम प्रोजेक्ट कितनी तेजी से वास्तविकता का रूप लेता है।

# सगे भाई संग , पति को जहर देकर मारने वाली पत्नी थाना जारचा पुलिस के चढ़ी हत्थे

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा में थाना जारचा पुलिस को हत्या के एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने स्थानीय खुफिया तंत्र और गोपनीय सूचना के आधार पर एक वांछित महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो काफी समय से हत्या के मामले में फरार चल रही थी। गिरफ्तार की गई महिला का नाम इमराना है, जिसने अपने सगे भाई के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या की साजिश रची और उसकी हत्या कर दी. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को थाना जारचा पुलिस ने ग्राम मुठियानी में छापेमारी कर हत्या के मामले में नामजद वांछित आरोपी इमराना को गिरफ्तार किया है। इमराना ग्राम मुठियानी, थाना जारचा, जिला गौतमबुद्धनगर की रहने वाली है, जबकि उसका वर्तमान निवास अर्थला, थाना साहिबाबाद, गाजियाबाद में बताया जा रहे है। आरोपी की उम्र लगभग 40 साल है. घटना के बारे में बताया जा रहा है कि इमराना ने कुछ समय पहले अपने भाई के साथ मिलकर अपने पति को जहर देकर मौत के घाट उतार दिया था। इस वारदात में उसका भाई पहले ही पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि इमराना गिरफ्तारी से बचती फिर रही थी। पुलिस की सतर्कता और खुफिया सूचना के चलते आखिरकार वह कानून के शिकंजे में आ ही गई। इस संबंध में थाना जारचा में मामला दर्ज किया गया था।

# दादरी विधायक तेजपाल नागर का अथक प्रयास हर घर नल, जल हो रहा सफल

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर ।** दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर के अथक प्रयासों से ग्राम प्यावली ताजपुर में ?303.53 लाख की लागत से पेयजल परियोजना का शुभारंभ दादरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्यावली ताजपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल योजना के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। वर्षों से जल संकट का सामना कर रहे ग्रामवासियों को अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुलभ होगी। इस योजना की कुल लागत ?303.53 लाख है, जिसका सीधा लाभ सैकड़ों परिवारों को मिलेगा। यह परियोजना दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर के सतत प्रयासों और जनहितकारी दृष्टिकोण का प्रतिफल है। विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास की जो श्रृंखला आरंभ हुई है, उसमें यह योजना एक और महत्वपूर्ण कड़ी है। ग्राम प्यावली ताजपुर में पेयजल योजना का शुभारंभ मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। यह परियोजना न केवल जल संकट को दूर करेगी, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार का भी मार्ग प्रशस्त करेगी। मेरा संकल्प है कि दादरी क्षेत्र का हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े ।₹



# हरनंदीपुरम योजना: भूमि अधिग्रहण की पहली रजिस्ट्री पूरी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के ड्रीम प्रोजेक्ट हरनंदीपुरम आवासीय योजना ने एक बड़ा पड़ाव पार कर लिया। भूमि अधिग्रहण की दिशा में पहली रजिस्ट्री संपन्न हुई, जिससे परियोजना अब वास्तविकता की ओर बढ़ती दिख रही है। शुक्रवार को

गांव नगला फिरोज मोहनपुर की निवासी रूबी को जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अधिग्रहण की गई 0.0759 हेक्टेयर भूमि के बदले 43,71,840 का मुआवजा चेक सौंपा। इस रजिस्ट्री पर ?3,82,000 का स्टांप शुल्क भी अदा किया गया। यह अधिग्रहण खसरा संख्या 364 मि0 के तहत किया गया है। हरनंदीपुरम योजना को वर्ष 2025 की शुरूआत में लांच किया गया था और मई 2025 में आयोजित जीडीए की 169वीं बोर्ड बैठक में मेरठ मंडलायुक्त और जीडीए अध्यक्ष ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में इसे अनुमोदन प्राप्त हुआ था। योजना के तहत कुल 501 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है, जिसमें पहले चरण में 336 हेक्टेयर भूमि मथुरापुर, शमशेर, चंपतनगर, भनेरा खुर्द और नगला फिरोज गांवों से ली जाएगी। किसानों को सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है, जिससे किसान भी इस योजना में सहयोग करने को उत्सुक दिख रहे हैं। गाजियाबाद को स्मार्ट, सुरक्षित और समावेशी टाउनशिप की दिशा में अग्रसर करने के लिए यह योजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अनुसार, इस परियोजना के लिए 2,384 करोड़ की धनराशि से भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें से 400 करोड़ मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा दिए जाएंगे, जबकि शेष धनराशि जीडीए के अपने स्रोतों से जुटाई जाएगी। जीडीए ने बताया कि योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य भी प्रगति पर है। चयनित एजेंसी को दो महीने के भीतर यह रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इससे आगे की विकास प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित किया जा सकेगा। हरनंदीपुरम योजना न केवल गाजियाबाद के शहरी ढांचे को विस्तार देगी, बल्कि हजारों परिवारों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराकर जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार लाएगी।

## फर्जी शादियों पर बड़ी कार्रवाई, अब दस्तावेज और माता-पिता की सहमति अनिवार्य

**गाजियाबाद**। जिले में तेजी से बढ़ते फर्जी शादियों के मामलों पर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। उत्तर प्रदेश में विवाह पंजीकरण प्रणाली को पारदर्शी और दुरुस्त बनाने के लिए निबंधन विभाग के महानिरीक्षक समीर वर्मा ने एक नया सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर के अनुसार अब विवाह पंजीकरण केवल तभी मान्य होगा, जब वर-वधु और उनके माता-पिता के निवास स्थान से जुड़े वैध दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, अब कोई भी संस्था, केंद्र या व्यक्ति केवल गवाहों के बल पर विवाह नहीं करा सकेगा। यह कदम उस समय उठाया गया है जब हाल ही में गाजियाबाद की एक आर्य समाज ट्रस्ट पर अवैध और फर्जी तरीके से शादियां कराने के गंभीर आरोप सामने आए। इन आरोपों के बाद गाजियाबाद के कई थानों में मामले दर्ज किए गए और शासन द्वारा गठित एसआईटी ने इस प्रकरण की गहन जांच की। जांच में जो तथ्य सामने आए, वे हैरान कर देने वाले थे। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले चार से पांच वर्षों के भीतर इस ट्रस्ट के माध्यम से लगभग बीस हजार फर्जी शादियां कराई गईं।

## समलैंगिक दोस्त पर यौन शोषण करने और ब्लैकमेल करने का आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। मुरादनगर थाना क्षेत्र की एक कालोनी में रहने वाली महिला ने अपनी समलैंगिक दोस्त पर उसका यौन शोषण करने और अश्लील वीडियो के बल पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला के अनुसार दो वर्ष पूर्व वह इंटरनेट मीडिया पर एक अन्य महिला के संपर्क में आई थी। कुछ समय के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई। आरोपित महिला ने उससे कहा कि उनके साथ मिलकर कपड़ों का व्यापार करना चाहती हैं, जिसके लिए उसने होटल में मिलने के लिए बुलाया। आरोप है कि आरोपित महिला ने नशे का पदार्थ पिलाकर उसके संबंध बनाए और अश्लील वीडियो और फोटो भी तैयार कर लिए। वीडियो और फोटो के बल पर आरोपित उसका यौन शोषण कर रही है।

### चूड़ी खरीदने गई महिला से बाइक सवार युवकों ने ठगी चेन

**गाजियाबाद**। लोनी थाना क्षेत्र के खडखड़ी गांव में एक महिला से चूड़ी खरीदने के बहाने बाइक सवार दो युवकों ने झांसा देकर उसकी चेन छीन ली। घटना 29 मई की है, जब पीड़िता सरिता नुसरताबाद खडखड़ी गांव की दुकान पर चूड़ी देखने गई थी। महिला के मुताबिक, दुकान पर सामान देख रही थी कि तभी दो बाइक सवार युवक वहां पहुंचे और उनसे बातचीत करने लगे। एक युवक ने महिला से डिजाइन देखने के लिए चेन मांगी। महिला ने चेन उतारकर दे दी, लेकिन युवकों ने अपनी बातों में फंसा कर मौका पाते ही चेन लेकर फरार हो गए। युवकों के जाने के बाद महिला ने उनकी तलाश की, लेकिन वे नहीं मिले।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई ईद-उल-अजहा



वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में शनिवार को ईद-उल-अजहा का त्यौहार पूरे श्रद्धा, उल्लास और शांति के साथ मनाया गया। सुबह होते ही मस्जिदों में नमाज के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। गाजियाबाद में सेक्टर 23 की जामा मस्जिद, लालटेन फैक्ट्री कैला भट्टा, अमन कॉलोनी, डासना ईदगाह, रफीकाबाद, डबारसी, मसूरी, माता कॉलोनी, न्यू हिंडन विहार, कौशांबी, इंदिरापुरम, महाराजपुर, पीर कॉलोनी, मिजार्पुर, सिद्धार्थ विहार समेत शहर और आसपास के तमाम इलाकों में सुबह लगभग 6 बजे के आसपास ईद की नमाज अदा की गई। त्यौहार के मद्देनजर पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। संवेदनशील इलाकों की निगरानी ड्रोन कैमरों से की गई और भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी विभिन्न स्थलों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ईद-उल-अजहा की पूर्वसंध्या पर जामा मस्जिद के मौलाना ने कहा कि यह केवल कुबार्नी का दिन नहीं है, बल्कि तस्लीम (आत्मसमर्पण) और फरमाबरदारी (आज्ञाकारिता) का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ईद हमें अपने अंदर विनम्रता और मानवता की भावना को जीवित रखने का संदेश देती है। जामा मस्जिद के आसपास की गलियों और बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी। सेवई, शीरखुरमा, मेवे और अन्य मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। हर तरफ मीठे पकवानों की खुशबू और उत्साह का माहौल नजर आया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पारंपरिक परिधानों में त्यौहार का आनंद लिया और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। त्यौहार पर गाजियाबाद में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लोगों ने पूरी जिम्मेदारी और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाया।

## दो पक्षों में मारपीट, चेन छीनने का भी आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलरामनगर में मामूली विवाद ने दो पक्षों के बीच हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस झगड़े में जहां एक पक्ष ने दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया, वहीं एक पक्ष ने चेन छीनने का भी गंभीर आरोप लगाया है। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, झगड़े की शुरूआत लोनी थाना क्षेत्र में किसी बात को लेकर हुई थी। लेकिन मामला वहीं शांत नहीं हुआ।

कुछ ही समय बाद दोनों पक्ष बलरामनगर इलाके में फिर आमने-सामने आ गए और विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मारपीट के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी पक्ष की ओर से औपचारिक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए जा रहे हैं ताकि दोषियों की पहचान की जा सके। पुलिस का यह भी कहना है कि यदि दोनों पक्ष तहरीर देते हैं तो आरोपों की पुष्टि के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल, क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि छोटे-छोटे विवाद अगर समय रहते न सुलझाए जाएं तो वे बड़ा रूप ले सकते हैं। पुलिस और प्रशासन की ओर से अपील की गई है कि लोग कानून अपने हाथ में लेने की बजाय विवादों के समाधान के लिए वैधानिक प्रक्रिया का पालन करें।

## ग्राम नाहल ईदगाह में ईद उल अजहा की खुशी में पुष्पवर्षा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। ईद उल अजहा के पावन अवसर पर ग्राम नाहल के ईदगाह में नमाज अदा कर रहे नमाजी भाइयों पर शनिवार को ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष पंडित मनमोहन झा गामा ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुष्पवर्षा कर ईद की हार्दिक मुबारकबाद दी। इस शुभ मौके पर पंडित मनमोहन झा गामा ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता हर वक्त सम्मानित नागरिकों के सुख-दुख में साथ हैं और इस त्यौहार को खुशियों के साथ मनाना चाहिए। पंडित मनमोहन गामा ने पुलिस प्रशासन की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि नाहल में ईद के दौरान शांतिपूर्ण नमाज अदा कराने में पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि अब गांव के लोग पुलिस के भय से मुक्त होकर अपने त्योहारों को खुशी-खुशी मना रहे हैं, जो सामाजिक सौहार्द और शांति का प्रतीक है। इस मौके पर पंडित मनमोहन झा गामा के साथ सदाकत राणा, जावेद चौधरी, नफीस सलमानी, सुनील पालीवाल, चाँद राजपूत, नजर राजपूत, शहजाद, रिजवान हसरत, कासिद, आजाद, जफर मो0, श्याम पांडे, अमित कुमार और नीरज पटेल सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को नगर कोतवाली पुलिस ने बड़ी तत्परता से गिरफ्तार कर लिया है। इस धमकी के बाद राजधानी और एनसीआर में हड़कंप मच गया था। कोतवाली नगर पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। कोतवाली नगर के एसएचओ अनुराग शर्मा की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान गाजियाबाद के पंचवटी क्षेत्र निवासी श्लोक त्रिपाठी के रूप में हुई है। एसीपी कोतवाली नगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी ने डायल 112 पर कॉल करके कहा था कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मारी जाएंगी। कॉल के बाद पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस एक्शन मोड में आ गई। जानकारी के अनुसार जैसे ही पुलिस को इस सनसनीखेज धमकी की सूचना मिली, गाजियाबाद पुलिस ने तत्क्षण दिल्ली पुलिस को अलर्ट किया और स्थानीय स्तर पर कॉल करने वाले की तलाश शुरू कर दी। जांच में यह सामने आया कि कॉल करने के तुरंत बाद आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया था, जिससे पुलिस को उसकी लोकेशन ट्रेस करने में वक्त लग गया। बावजूद इसके, पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल सर्विलांस और स्थानीय सूचना तंत्र के जरिए आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी श्लोक त्रिपाठी नशे का आदी है और संभवतः उसी हालत में उसने यह कॉल की थी। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या उसने यह धमकी किसी व्यक्तिगत कारण या मानसिक असंतुलन में दी, या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश है।





## नशे में झगड़े के दौरान भाई ने मारा धक्का, युवक की मौत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के रामपार्क बंसल चौक इलाके में गुरुवार देर रात एक घरेलू विवाद ने दर्दनाक मोड़ ले लिया, जब नशे में झगड़ते वक्त भाई के धक्के से गिरने के बाद युवक की मौत हो गई। मृतक की मां की शिकायत पर आरोपी भाई परवेज के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना लोनी के रामपार्क कॉलोनी की है, जहां मूल रूप से बदायूं जिले के सारी पक्का बाग निवासी अंवारी पत्नी शेखर उर्फ जलालुद्दीन अपने दो बेटों परवेज और जावेद के साथ रहती हैं। अंवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दोनों बेटे लंबे समय से नशे की लत के शिकार हैं। गुरुवार रात दोनों भाई घर के अंदर नशा कर रहे थे। इस दौरान किसी घरेलू बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। इसी झगड़े के दौरान परवेज ने छोटे भाई जावेद को जोर से धक्का मार दिया, जिससे जावेद बुरी तरह नीचे गिर पड़ा और उसका सिर पास रखे एक पत्थर से टकरा गया। सिर में गंभीर चोट लगने से जावेद को तुरंत लोनी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार को जावेद ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही ट्रोनिका सिटी पुलिस सक्रिय हुई। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मृतक की मां अंवारी की तहरीर पर आरोपी परवेज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की पूरी जांच पड़ताल जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सुबह की सैर पर निकले दो दोस्तों को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, एक की मौत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। नंदग्राम क्षेत्र की बृजनगरी कॉलोनी शुक्रवार की सुबह एक भीषण हादसे से दहल गई, जब सैर पर निकले दो पड़ोसी दोस्तों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक कमलेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ चल रहे पड़ोसी सुभाष सिंह चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। कमलेश यादव और सुभाष सिंह रोज सुबह की सैर पर साथ निकला करते थे। शुक्रवार की सुबह भी दोनों अपने नियत समय पर निकले थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। हादसे की सूचना मिलने में भी असमानता रही सुभाष सिंह के परिजनों को सुबह करीब साढ़े छह बजे ही खबर मिल गई, लेकिन कमलेश यादव के परिजनों को सूचना देने में पुलिस को समय लग गया, क्योंकि उनका नंबर तुरंत उपलब्ध नहीं हो सका। कमलेश यादव मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद स्थित जमानिया थानाक्षेत्र के गांव बुराड़ी के निवासी थे। पिछले दो दशकों से वे गाजियाबाद में ही रह रहे थे और बृजनगरी कॉलोनी में एक छोटा सा घर भी बना लिया था। उनकी पत्नी और दो बेटे गांव में ही रहते हैं, जबकि कमलेश अकेले गाजियाबाद में रहते थे। हादसे के वक्त उनका मकान बंद था और सुबह सैर पर निकलते समय उन्होंने ही ताला लगाया था। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उनके परिजनों से संपर्क करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंततः उनके भाई विमलेश को सुबह करीब आठ बजे जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कमलेश का अंतिम संस्कार पैतृक गांव बुराड़ी में किया जाएगा।